वर्ष 72 ▸ अंक 317 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 14 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


स्वतंत्रता, जब जड़ें जमाना शुरू करती है, तो तेजी से बढ़ने वाला पौधा बन जाती है।
- जॉर्ज वाशिंगटन

## ऑफ बीट

### अब वीनस विलियम्स बनेंगी नई 'बार्बी डॉल'



*वीनस विलियम्स नई 'बार्बी डॉल'*

*न्यूयॉर्क, जेएनएन। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।*

## संक्षिप्त खबरें

### बेटिंग ऐप मामला: रैना से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से गैरकानूनी ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। यह मामला '1×बेट' नामक स्पोर्ट्स बेटिंग ऐप से संबंधित है।



38 वर्षीय रैना सुबह करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीआईएसएफ और ईडी अधिकारियों से मुलाकात के बाद अपना बयान दर्ज कराया। ईडी ने उनका बयान मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया। रैना का इस ऐप से प्रचार के माध्यम से जुड़ाव रहा है।

एजेंसी जानना चाहती है कि उनका ऐप से क्या संबंध था, उन्हें कितनी एंडोर्समेंट फीस मिली और दोनों पक्षों के बीच किस माध्यम से बातचीत हुई। इस मामले में ईडी ने हाल ही में गूगल और मेटा के प्रतिनिधियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। मंगलवार को एजेंसी ने 'पैरिमैच' नामक एक अन्य ऑनलाइन बेटिंग ऐप के खिलाफ भी कई राज्यों में छापेमारी की थी।

### एमपी बोर्ड: 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) ने वर्ष 2026 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार परीक्षाएं 7 फरवरी 2026 से 3 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं एक ही पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षा राज्य भर के निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी। छात्रों को एडमिट कार्ड और अन्य दिशा-निर्देश स्कूलों द्वारा समय पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मंडल ने छात्रों को समय पर अपनी तैयारी पूरी करने और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने और परीक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

**बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन:** सुनवाई के दूसरे दिन प्रक्रिया को शीर्ष अदालत ने बताया 'वोटर फ्रेंडली'

# वोटर के लिए 11 में से कोई एक दस्तावेज पर्याप्त: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/पटना, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसे 'वोटर फ्रेंडली' बताया और कहा कि चुनाव आयोग ने नागरिकों से 11 में से किसी एक दस्तावेज की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक लोगों के नाम सूची में बने रहें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि पहले के छोटे वोटर रिवीजन में सिर्फ 7 दस्तावेज मांगे गए थे, जबकि इस बार 11 मांगे गए हैं। यह सूची से नाम हटाने की नहीं, बल्कि उन्हें बनाए रखने की कवायद है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**याचिकाकर्ताओं के तर्क:** अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि बिहार में केवल 1-2 फीसदी लोगों के पास स्थायी निवास प्रमाणपत्र है। वहीं, प्रशांत भूषण ने दावा किया कि 25 फीसदी लोगों ने अब तक कोई दस्तावेज नहीं दिया। 40 फीसदी के पास सिर्फ मेट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट है और 50 फीसदी से अधिक के पास कोई दस्तावेज नहीं है।

**कोर्ट की टिप्पणी:** बिहार के 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट है, जो अच्छी संख्या है। राज्य को इस तरह पेश न करें। यहां से सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसर निकलते हैं, यह तभी संभव है जब युवा प्रेरित हों।

**सिद्धारमैया पर अनियमितता के आरोप:** कर्नाटक में भाजपा के राज्यसभा सांसद लाहर सिंह सिरोया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर 2018 के विधानसभा चुनाव में बदामी सीट पर चुनावी अनियमितता के आरोप लगाए हैं। इस सीट से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मात्र 1,696 वोटों से जीते थे। सिरोया ने दावा किया कि यह खुलासा हाल ही में सिद्धारमैया के करीबी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सीएम इब्राहिम ने सार्वजनिक भाषण में किया। भाषण की रिकॉर्डिंग में 2018 में बदामी में 3,000 वोट खरीदने की बात कही गई है, जिसमें वरिष्ठ नेताओं की संलिप्तता का भी जिक्र है।

### भाजपा का आरोप: सोनिया गांधी का नाम नागरिकता से पहले आया वोटर लिस्ट में

कांग्रेस के 'वोट चोरी' आरोपों पर भाजपा ने बुधवार को पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने से पहले शामिल हो गया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों के नेता 'घुसपैठिए वोटरों' के सहारे चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का कांग्रेस विरोध कर रही है, ताकि अपना 'वोट बैंक' बचा सके। ठाकुर ने रायबरेली (राहुल गांधी), डायमंड हार्बर (अभिषेक बनर्जी) और कन्नौज (अखिलेश यादव) जैसी सीटों पर डुप्लीकेट वोट, फर्जी पते और उम्र में हेरफेर के उदाहरण गिनाए।




जन मनोरंजन फिल्म शोले के स्वर्ण जयंती वर्ष का जश्न!

**शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया :** सरकार की आलोचना देश की एकता-अखंडता को खतरा नहीं

# पत्रकारों के समाचार, लेख और वीडियो राजद्रोह नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी पत्रकार का समाचार लेख या वीडियो महज इसलिए देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा नहीं माना जा सकता कि वह सरकार की आलोचना करता है या संवेदनशील मुद्दे पर रिपोर्टिंग करता है। अदालत ने कहा कि भारत न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124 ए यानी राजद्रोह प्रावधान का संशोधित रूप है, के तहत ऐसे मामलों में गिरफ्तारी के लिए ठोस आधार होना चाहिए।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्य बागची की पीठ ने 'द वायर' के संपादक सिद्धार्थ वरदराजन और फाउंडेशन ऑफ इंडिपेंडेंट जर्नलिज्म के सदस्यों को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा देते हुए की। असम पुलिस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कथित रूप से भारतीय वायुसेना के विमानों की क्षति संबंधी रिपोर्ट पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि इस रिपोर्ट से देश की एकता और अखंडता को खतरा हुआ। पत्रकार का कहना था कि उन्होंने यह खबर भारत के रक्षा अधिकारियों, जिनमें इंडोनेशिया में तैनात सैन्य अताशे भी शामिल थे, के बयानों के आधार पर लिखी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवाल किया, 'क्या केवल लेख लिखने या न्यूज वीडियो बनाने के लिए पत्रकारों को आपराधिक मामलों में फंसा देना चाहिए? क्या इसके लिए गिरफ्तारी जरूरी है?' सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि पत्रकार की याचिका केवल जवाबदेही से बचने का प्रयास है और इसे 'आवरण' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नित्य रामकृष्णन ने कहा कि धारा 152 में यह परिभाषित ही नहीं है कि किन कृत्यों को देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा माना जाएगा। उन्होंने दलील दी कि यह धारा केवल पुराने 'राजद्रोह' प्रावधान का एक परिष्कृत संस्करण है, जिसे पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष वैधानिकता की जांच तक स्थगित कर रखा है।

इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'विधायिका यह कैसे पहले से तय कर सकती है कि कौन-सा कार्य राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए खतरा होगा? यह तो हर मामले के तथ्यों के आधार पर अदालत को तय करना होगा। यदि आप ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी:** हम पत्रकारों को किसी अलग श्रेणी में नहीं रख रहे हैं, लेकिन क्या एक लेख वास्तव में देश की एकता और अखंडता को तत्काल खतरा पहुंचाता है? यह तो लेख है, ऐसा नहीं कि कोई अवैध हथियार या गोला-बारूद देश में ला रहा हो।




### दुरुपयोग के आधार पर कानून असंवैधानिक?

याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि धारा 152 का पुलिस द्वारा दुरुपयोग और दमनकारी इस्तेमाल किया जा रहा है, खासकर पत्रकारों के खिलाफ। इस पर न्यायमूर्ति बागची ने कहा, 'क्या केवल किसी प्रावधान के संभावित दुरुपयोग के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित किया जा सकता है?' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भी इसी भाव को दोहराते हुए कहा, 'कोई भी अच्छा कानून, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक घोषित किया हो, पुलिस अधिकारियों द्वारा दुरुपयोग या दमन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। क्या यह उसे असंवैधानिक ठहराने का आधार बन सकता है? केदारनाथ सिंह (1962) मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आज भी लागू है, जिसमें कहा गया था कि राजद्रोह का अपराध केवल 'वास्तविक हिंसा' या 'हिंसा के उकसावे' तक सीमित है।'

### टाइमलाइन: राजद्रोह से धारा 152 तक


- **1870:** ब्रिटिश शासन में आईपीसी में धारा 124 ए (राजद्रोह) जोड़ी गई, स्वतंत्रता सेनानियों को दबाने का औजार बनी।
- **1897:** बाल गंगाधर तिलक पर राजद्रोह का मुकदमा, 18 महीने की सजा।
- **1922:** महात्मा गांधी पर राजद्रोह का मुकदमा; गांधी ने कहा- 'यह कानून सत्य और अहिंसा का गला घोंटता है।'
- **1962:** केदारनाथ सिंह बनाम बिहार राज्य मामला; सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राजद्रोह तभी जब हिंसा हो या हिंसा के लिए उकसाया जाए।
- **2016-2021:** कई पत्रकार, छात्र, कार्यकर्ता राजद्रोह में गिरफ्तार; आलोचना हुई कि कानून का दुरुपयोग हो रहा है।
- **मई 2022:** सुप्रीम कोर्ट ने धारा 124 ए के क्रियान्वयन पर रोक लगाई, कहा – अंतिम निर्णय तक नए मुकदमे न दर्ज हों।
- **अगस्त 2023:** केंद्र ने आईपीसी हटाकर भारत न्याय संहिता लागू करने का प्रस्ताव दिया; राजद्रोह की जगह धारा 152 लाई गई।
- **2024:** बीएनएस पारित, धारा 152 में 'राष्ट्रीय एकता व अखंडता को खतरे' का प्रावधान जोड़ा; आलोचकों का दावा- 'बस नाम नया।'
- **अगस्त 2025:** 'द वायर' के संपादक सिद्धार्थ वरदराजन को असम पुलिस का नोटिस; सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत दी।

# राहुल गांधी बोले- मेरी जान को खतरा

**पुणे, जेएनएन।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को पुणे की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश होकर दावा किया कि उन्हें जान का खतरा है। यह खतरा उन्होंने वीर सावरकर मानहानि मामले से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं और उनके पारिवारिक इतिहास को देखते हुए उन्हें नुकसान पहुंचाने या गलत तरीके से फंसाए जाने का अंदेशा है। राहुल ने अदालत से आग्रह किया कि राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि उन्हें प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन (पूर्व-निवारक सुरक्षा) दी जाए, ताकि उनकी जान की रक्षा हो सके और मामले की निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। अदालत ने इस पर सुनवाई की अगली तारीख 10 सितंबर तय की है।

यह विवाद मार्च 2023 में राहुल के लंदन दौरे के एक बयान से जुड़ा है। राहुल ने दावा किया था कि सावरकर ने अपनी एक किताब में लिखा था कि उन्होंने और उनके 5-6 साथियों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की और इससे उन्हें खुशी हुई। इस भाषण के आधार पर सत्यकी सावरकर ने मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। इसी मामले में 3 जुलाई 2025 को पुणे की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सत्यकी सावरकर की उस मांग को खारिज कर दिया था।

### वोट चोरी मामले के बाद बढ़ गया है खतरा



राहुल के वकील ने कोर्ट में लिखित रूप से कहा कि 'वोट चोरी' के मामले का खुलासा करने के बाद उनके मुवक्किल के खिलाफ खतरा बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को 'आतंकवादी' कहा था, जबकि भाजपा नेता तरविंदर मारवाह ने खुले तौर पर धमकी दी थी कि अगर राहुल सही व्यवहार नहीं करेंगे, तो उनका अंजाम उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) जैसा हो सकता है।

### जम्मू-कश्मीर के राज्य दर्जे पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दो निवासियों—कॉलेज शिक्षक जहूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करेगा। याचिका में केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाए।

यह दोनों याचिकाकर्ता अनुच्छेद 370 हटाने के मामले में भी पक्षकार थे। उन्होंने दलील दी है कि राज्य का दर्जा बहाल न करने से वहां के नागरिकों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। पहले की सुनवाई में केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा अस्थायी है और लद्दाख को छोड़कर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

## भोपाल: कैमिकल फैक्ट्री में क्लोरीन गैस रिसाव

### पाउडर बैग में पानी जाने से उठा सफेद धुआं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हिंद फार्मा फैक्ट्री के पास मौजूद आदिश इंडस्ट्रीज में बुधवार दोपहर डेढ़ बजे क्लोरीन पाउडर के बैग में पानी चले जाने से गैस का रिसाव शुरू हो गया। दरअसल क्लोरीन पानी के साथ मिलकर हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एससीएल) में बदल जाती है। जिससे सफेद धुंआ और तीखी गंध निकलती है। जिसके कारण लोग आंखों में जलन और सांस लेने की शिकायत करते हैं। इस कारण गैस के रिसाव के चलते फैक्ट्री परिसर के आसपास आग लगने की अफवाह फैल गई, जिसके ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**प्राणघातक है क्लोरीन गैस**

क्लोरीन गैस प्राणघातक है। सीधे संपर्क में आने से त्वचा खराब हो सकती है और फेफड़े पूरी तरह से डैमेज हो सकते हैं। यह बालों को सफेद कर देती है। जहां क्लोरीन का उपयोग होता है, उन संयंत्र को आबादी क्षेत्र से कम से कम 10 किमी दूर होना चाहिए।
- डॉ. सुभाष सी पांडेय
पर्यावरणविद् एवं रसायन शास्त्री

## नशामुक्ति केंद्र में पीएनबी अफसर की संदिग्ध मौत

### ग्वालियर: परिजनों को है हत्या की आशंका


**जागरण, ग्वालियर।** ग्वालियर में पंजाब नेशनल बैंक के फील्ड ऑफिसर पंकज शर्मा (33 वर्ष) की मिनी गोल्डन संस्कार नशामुक्ति केंद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने केंद्र संचालक विशाल कांकर और हर्ष शिंदे पर पंकज को पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से दोनों संचालक फरार हैं। परिजनों के अनुसार, 25 जुलाई को पंकज को महाराजपुरा स्थित नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।



सोमवार को वह अन्य युवकों के साथ केंद्र से भागकर घर आया था और पूरी तरह स्वस्थ दिख रहा था। लेकिन परिजनों ने उसकी नशे की लत के चलते केंद्र को सूचना दी, जिसके बाद उसे बड़ागांव खुरैरी से पकड़कर वापस ले जाया गया। बुधवार तड़के परिजनों को सूचना मिली कि पंकज की तबीयत बिगड़ गई है और उसे ट्रॉमा सेंटर लाया जा रहा है। परिजन पहुंचे तो देखा कि पंकज स्ट्रेचर पर मृत अवस्था में पड़ा था। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### भाई से 3 बार बात कर सकेगा तहव्वुर राणा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को इस महीने अपने भाई से तीन बार फोन पर बात करने की अनुमति दी है, ताकि वे निजी वकील रखने पर चर्चा कर सकें। इन फोन कॉल्स को रिकॉर्ड किया जाएगा और बातचीत अंग्रेजी या हिंदी में ही, जेल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने बुधवार को हुई इन-चैंबर कार्यवाही के दौरान यह आदेश दिया। इसके साथ ही राणा की न्यायिक हिरासत को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया गया। राणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुआ।



**मुख्यमंत्री ने कथित लव जिहाद और ड्रग तस्करी पर सरकार का रुख किया साफ**

# कितना भी एप्रोच वाला हो, छोड़ेंगे नहीं: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कथित 'लव जिहाद' और ड्रग तस्करी को लेकर सरकार का रुख साफ कर दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि ऐसे लोग या कारोबारी कितने भी एप्रोच वाले क्यों न हों हम उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ने वाले नहीं हैं। सीएम ने कहा कि ऐसे मामलों पर हमने ढूंढ-ढूंढ कर कार्रवाई की है।



सीएम राज्य स्तरीय नशा मुक्ति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को दिल पर हाथ रखकर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सीएम ने कहा कि सरकार इस दिशा में काफी काम कर रही है और इसके लिए नए कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन इस बुराई को जड़ से मिटाने के लिए समाज में जागरुकता की आवश्यकता है। जहां तक कार्रवाई का सवाल है, तो जहां-जहां जरूरत पड़ रही है, वहां हमारी पुलिस खड़ी दिखाई दे रही है। सीएम ने कहा कि हमने 19 धार्मिक नगरों में पूरी तरह से शराबबंदी की है। पुलिस ने भी नशे के खिलाफ अभियान चलाया है। इसके लिए समाज को भी आगे आना होगा।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि अगस्त माह में नशे के खिलाफ देशव्यापी जन ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### पुरस्कार किए वितरित

इस अवसर पर सीएम ने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए। इसके अंतर्गत शुद्धि नशामुक्ति केंद्र के अध्यक्ष राजीव तिवारी, शहीद भगत सिंह सेवा समिति से सुजीत कुमार द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस उप-आयुक्त इंदौर राजेश दंडौतिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा प्रशांत चौबे और उप पुलिस अधीक्षक हॉकफोर्स बालाघाट संतोष पटेल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

**डॉग बाइट** कर्नाटक में कुत्तों के काटने का खतरा सबसे ज्यादा, जनवरी-अगस्त 2025 में 2.86 लाख मामले

# देशभर में 8 महीने में 48 लाख से अधिक लोग बने कुत्तों के शिकार

**बेंगलुरु/ नई दिल्ली, जेएनएन।** आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर बहस देशव्यापी हो गई है। इस मामले में डॉग बाइट के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2025 के बीच राज्य में 2.86 लाख से अधिक लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए। यह देश भर में सबसे ज्यादा है। इन मामलों में आवारा और पालतू दोनों तरह के कुत्ते शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या, अपर्याप्त टीकाकरण और कचरे के ढेर समस्या को बढ़ा रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) रिपोर्ट बताती है कि इस साल जनवरी से अगस्त तक देशभर में 48 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल से सामने आए।

कर्नाटक में अकेले बेंगलुरु, मैसूर, मांड्या और बेलगावी जिले सबसे प्रभावित हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने एंटी-रेबीज टीका लगवाया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी टीकाकरण की कमी है।

पशु अधिकार कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नगर निकाय समय पर बंध्याकरण और वैक्सीनेशन नहीं कर रहे, जबकि कई शहरों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी आक्रामक और बीमार कुत्तों को सुरक्षित रूप से हटाने की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है।

विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर आवारा कुत्तों की संख्या, टीकाकरण और कचरा प्रबंधन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया, तो रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा और बढ़ सकता है।

### कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा: सीजेआई गवई



*भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वे दिल्ली में सामुदायिक कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी को लेकर दायर याचिका पर विचार करेंगे। यह याचिका एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स के तहत आवश्यक कदम उठाने की मांग करती है। यह मामला कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) नामक संस्था ने 2024 में सुप्रीम कोर्ट में दायर किया था। संस्था ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील ने बुधवार को सीजेआई की पीठ को बताया कि 13 मई के आदेश में अंतिम मौका देने के बावजूद प्रतिवादियों ने अब तक अपना प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल नहीं किया है। याचिकाकर्ता के वकील ने यह भी याद दिलाया कि मई 2024 में न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि 'कुत्तों की अंधाधुंध हत्या नहीं की जा सकती और अधिकारियों को मौजूदा कानून की भावना के अनुसार कार्रवाई करनी होगी।' उस समय पीठ ने कहा था कि सभी जीवों के प्रति करुणा दिखाना संविधान में निहित मूल्य और दायित्व है। सीजेआई गवई ने अंत में कहा, 'मैं इसे देखूंगा।'*

### दिल्ली में एमसीडी का अभियान 700 आवारा कुत्ते पकड़े गए

सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) ने शहर में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए चरणबद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरुआत में आक्रामक और बीमार कुत्तों को प्राथमिकता से पकड़ा जा रहा है। मंगलवार को निगम की पशु चिकित्सा शाखा ने पूर्वी दिल्ली के शाहदरा और भजनपुरा क्षेत्रों में कार्रवाई की, जबकि लाल किला इलाके में स्वतंत्रता दिवस से पहले करीब 700 कुत्ते पकड़े गए। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, 15 अगस्त के बाद यह अभियान अन्य जोनों में भी तेज किया जाएगा। प्रत्येक जोन में खाली पड़े सामुदायिक भवन और अन्य संरचनाओं को कुत्तों के आश्रय के रूप में चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही, आवारा कुत्तों से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर एक-दो दिन में जारी किया जाएगा।

## महाराष्ट्र: भीड़ ने की मुस्लिम युवक की पीट-पीटकर हत्या

### परिवार पर भी हमला, मां और बहन घायल

**मुंबई, जेएनएन।** जलगांव जिले के जामनेर तालुका में सोमवार को 21 वर्षीय मुस्लिम युवक सुलेमान रहीम खान की भीड़ ने बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने युवक के परिवार पर भी हमला किया, जिसमें उसकी मां और बहन घायल हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुलेमान को 9-10 लोगों के एक समूह ने एक कैफे से अगवा किया, जो जामनेर पुलिस स्टेशन से कुछ ही मीटर दूर था। वह कथित तौर पर एक 17 वर्षीय लड़की के साथ मौजूद था, जो दूसरे समुदाय से थी। हमलावरों ने उसे घसीटकर वाहन में डाला, कई स्थानों पर ले जाकर बेरहमी से पीटा और फिर उसके घर के दरवाजे पर फेंक दिया। सुलेमान को बचाने की कोशिश में उसके पिता, मां और बहन पर भी हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल सुलेमान को जलगांव जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक महेश्वर रेड्डी के अनुसार, अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और पांच अन्य की तलाश जारी है। हमले में लाठी, लोहे की रॉड और हाथों का इस्तेमाल किया गया, जिससे आंतरिक चोटें घातक साबित हुईं। सुलेमान हाल ■ शेष पृष्ठ 7 पर



# नगर निगम की आईईसी टीम ने चलाया स्कूलों में जागरुकता अभियान



**जागरण, सतना।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संगश् थीम पर नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया 13 अगस्त को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता दृ स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग थीम पर नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्कूलों एवं वार्डों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। वार्ड क्रमांक 31 में स्वच्छता की पाठशाला बैंड.बाजे के साथ हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता रैली प्लास्टिक निषेध अभियान तथा स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण पर प्रशिक्षण आयोजित हुआ। वार्ड क्रमांक 4 में थीम आधारित स्वच्छता एवं हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई, वहीं वार्ड क्रमांक 44 में चित्रकला प्रतियोगिता, तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता और देशभक्ति का संयुक्त संदेश दिया। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी, प्लास्टिक उन्मूलन की आवश्यकता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सुदृढ़ करना रहा।

## भाजपा द्वारा आज विभाजन विभीषिका स्मृति पर संगोष्ठी एवं मौन जुलूस का आयोजन

**सतना।** प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देशानुसार विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज कलकत्ता मैरिज गार्डनए सेमरिया चौक में संगोष्ठी एवं मौन जुलूस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 'मुख्य वक्ता पूर्व संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ' होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में 'मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी तथा सांसद गणेश सिंह' उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की 'अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय' करेंगे। कार्यक्रम के तहत विचार गोष्ठी दोपहर 3 बजे से एवं मौन जुलूस शाम 6 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी एवं सह संयोजक जिला मंत्री संजीव दुबेदी ने सभी जेष्ठ.श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# शान्तिधाम निर्माण की हुई सोशल ऑडिट

## जिला समन्वयक टीम के साथ पहुंचे कार्य स्थल



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस जी एवं मैहर कलेक्टर के निर्देशानुसार व जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला समन्वयक बद्री प्रसाद सामाजिक अंकेक्षण नेतृत्व में दोनों जिले में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य वर्ष 2025-26 में मनरेगा कार्यों का व भवन सन्निर्माण अंतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 में जारी अनुग्रह राशि एवं आयुष्मान भारत का सामाजिक अंकेक्षण सोशल आडिट दल द्वारा किया जा रहा है।उसी के अनुक्रम में आज जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत सोहौला में निरीक्षण जिला समन्वयक बद्री प्रसाद सोशल आडिट जिला पंचायत सतना द्वारा किया गया।निरीक्षण अंतर्गत ग्राम पंचायत में शांति धाम के चल रहे निर्माण कार्य का सोशल आडिट टीम के साथ किया गया।साथ श्रमिकों से कितने दिन कार्य किया गया मजदूरी मिलने व जॉबकार्ड हितग्राही के पास होने आदि की जानकारी ली गई। तथा शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले की सभी जनपद पंचायतों में सोशल आडिट टीम द्वारा सामाजिक अंकेक्षण की 15 अगस्त को होने वाली विशेष ग्राम सभा के बारे मेंतिरंगा रैली निकाल कर ग्रामीण जानों दी जा रही हैएऔर सोशल आडिट के महत्व को प्रेरणादाई स्लोगन, बोल कर जनजागृति का कार्य सोशल आडिट टीम द्वारा किया जा रहा।इस तरह के कार्यक्रम की ग्रामीण जानों द्वारा सराहना भी की जा रही है।सामाजिक अंकेक्षण से ग्रामीण जानों को योजनांतर्गत होने वाले कार्यों की जानकारी मिलेगी और अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। ग्राम पंचायत देवरा मोलाई में सोशल आडिट अंतर्गत 15 अगस्त को होने वाली विशेष ग्राम सभा की जानकारी सोशल आडिट टीम द्वारा तिरंगा रैली निकाल कर ग्रामीण जानों को दी गई।



## घुनवारा में जीतू पटवारी का हुआ स्वागत

**अमदरा ।** मंगलवार को कटनी से मैहर जाते समय ग्राम घुनवारा में कांग्रेस प्रदेश सचिव सोसल मीडिया शुभम सोनी विक्की के द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला अध्यक्ष धर्मेश घई का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम की विशाल तिरंगा यात्रा आज




**जागरण, सतना।** 14 अगस्त को सायं 04 बजे ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर पालिक निगम सतना द्वारा किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्र 2 से प्रारंभ होकर स्टेशन रोडए सिटी कोतवाली तिराहा होते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क 01 पर सम्पन्न होगी। योगेश कुमार ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना ने नगर के गणमान्य नागरिकों सभी राजनैतिक गैर राजनैतिक संगठनों सामाजिक संगठनों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें।

# संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा रामपुर में निकाली गई बाइक रैली



**जागरण, सतना।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर किसान सभा जिला महासचिव शिवराम सिंह के नेतृत्व एवम भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश प्रवक्ता दया शंकर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह के सहयोग से सतना जिले के रामपुर बघेलान बस स्टैंड से बाइक रैली निकाल कर मुख्य बाजार होते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांगे लिलजी बांध में खेती कर रहे किसानों को मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुसार पट्टा दिलाने खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर किसानों को उचित रेट पर खाद उपलब्ध कराने बिजली विभाग द्वारा एवरेज बिल के नाम पर गरीब किसानों को दो हजार से तीन रुपए महीना बिल भेजने के विरोध में एवं स्मार्ट मीटर व बिजली विभाग में निजीकरण बंद करने बिना भौतिक सत्यापन के बढ़ाया गया लोड को कम करने के लिए त्वरित निदान हेतु अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन पत्र सौपा गया।कार्यक्रम में किसान सभा जिला महासचिव शिवराम सिंह बड़हरी भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी किसान सभा ब्लॉक अध्यक्ष रामराज सिंह किसान यूनियन ब्लॉक अध्यक्ष दलप्रताप सिंह पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह किसान नेता रावेंद्र सिंह वठिया किसान नेता भोलाप्रसाद कुशवाहा रामनाथ सिंह किसान नेता जितेंद्र सिंह बालेंद्र सिंह पदमेश सिंह रामउजागर सिंह पुष्पराज सिंह ज्ञानेंद्र सिंह पुष्पेंद्र सिंह मोतीलाल सिंह कमला प्रसाद पटेल प्रहलाद पटेल अर्जुन दहिया विजय सिंह रुक्मणीरमन पांडे शेषनारायण सिंह राजमणि सिंह राजनारायण सिंह राजराखन सिंह देवेंद्र सिंह रामभान सिंह गोरेलाल सिंह कौशल सिंह आदि सैकड़ो किसान सम्मिलित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी से की मुलाकात



**जागरण, सतना।** शासकीय सेवक सेतु के जिलाध्यक्ष एवं जिला मास्टर ट्रेनर ईको क्लब ब्रजनंदन तिवारी ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव से सौजन्य भेंट कर उनका अभिनंदन किया । साथ ही जिले के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम में अभी तक हुए कार्यों एवं उपलब्धियों के विषय में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। तथा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम को और व्यवस्थित और सुचारू रूप से लागू करने हेतु विभिन्न विद्यालयों से ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम हेतु प्रस्ताव आए इस हेतु मीटिंग बुलाकर प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।एक पेड़ मां के नाम 2.0 तहत ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण हो इस हेतु शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के इको क्लब प्रभारी को प्रेरित करने की बात कही।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




**सतना।** विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन रामपुर बघेलान के ज्ञान ज्योति विद्यालय में आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में उपस्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति से सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार पाठक ने विद्यालय के छात्रों को यातायात के नियमों से संबंधित जानकारी प्रदान की एवं अन्य जानकारियों की भी साझा किया। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से आनंद बागरी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश प्रशांत कुमार मर्सकोले व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मायादेवी को उपादान की कानूनी लड़ाई मे मिली जीत



**जागरण, सतना।** मायादेवी गर्ग पत्नी स्व रामरूद्र गर्ग निवासी पहाडीखेरा जिला पन्ना को जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री लाईट मशीनरी विधुत यांत्रिकी संभाग सागर के अधिनस्त लाईट मशीनरी विधुत यांत्रिकी उपसंभाग पन्ना को उनके पति की सेवा निवृत्ति दिनांक 31 अक्टूबर 2021 के पश्चात उपादान राशि का भुगतान संपूर्ण रूप से विभाग द्वारा न किये जाने तथा उनके पति का निधन हो जाने पर आवेदिका ने उपादान की राशि ब्याज सहित दिलाये जाने का आवेदन नियंत्रण प्राधिकारी उपादान भुगतान अधिनियम 1972 एवं श्रम पदाधिकारी पन्ना के समक्ष किया था। प्रकरण के विधि सम्मत सुनवाई उपरांत नियंत्रण प्राधिकारी ने आवेदिका को 367316 रूपये एवं 10 प्रतिशत ब्याज सहित अनावेदकगण के विरूद्ध आदेश पारित किया था। जिस पर अनावेदक पक्ष ने आवेदिका को आदेशित राशि का भुगतान तय समयसीमा ना करते हुए अपील श्रम विभाग के अपीलीय कोर्ट उपश्रमायुक्त कार्यालय भोपाल मे की थी। जिस पर अपीलीय कोर्ट ने उभयपक्षो की सुनवाई उपरांत आवेदिका को 367316 रुपये की राशि का आदेश नियंत्रण प्राधिकारी पन्ना को सही ठहराते हुए अनावेदक की अपील खारिज कर दिया और आवेदिका को आदेशित राशि की जमा प्रोटेस्ट राशि का चेक नियंत्रण प्राधिकारी पन्ना को सौंप कर आवेदिका को भुगतान करने का निर्देश जारी किया। श्रम पदाधिकारी संजय आर्य पन्ना द्वारा आवेदिका मायादेवी गर्ग पत्नी स्व रामरूद्र गर्ग निवासी पहाडी खेरा जिला पन्ना को उनके अधिवक्ता राजपाल शर्मा की उपस्थिति मे 367316 रुपये का चेक प्रदान किया । इस अवसर पर रीडर दीपक नामदेव सुनील कुशवाहा संजू उपस्थित रहें। प्रकरण की पेरवी पन्ना एवं भोपाल मे श्रम कानून के अधिवक्ता द्वारा की गई थी।

## कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा द्वारा निर्दिष्ट थीम पर हुआ तिरंगा राखी का क्रिएशन

**जागरण, सतना।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के निर्देश पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में तिरंगा राखी प्रतियोगिता का आयोजन ललित कला विभाग के तत्वाधान में हुआ। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश भोपाल ने संपन्न इस प्रतियोगिता को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में पोस्ट किया है। स्वतंत्रता पर्व को दृष्टिगत रखते हुए संपन्न इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा द्वारा निर्दिष्ट थीम पर आधारित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तिरंगा राखी का त्वरित सृजन कर मूल्यांकन मंडल को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि 6 विद्यार्थियों के राखी क्रिएशन को मूल्यांकन में शामिल किया गया । विभागाध्यक्ष ललित कला डॉ प्रसन्न पाटकर की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय चयन समिति में डॉ अभय कुमार वर्मा , नरेंद शुक्ला और शिवकुमार सेन रहे।



## रामशंकर पयासी की भाभी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग



**जागरण, सतना।** जैसा की ज्ञात है की पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी की भाभी एव गल्ला व्यापारी स्वर्गीय रामभगत पयासी की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती उषा मिश्रा का निधन 11 अगस्त को लंबी बीमारी के बाद होगया था। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिक,जनता निज निवास ग्राम मझियार पहुंचकर श्रद्धजली अर्पित की। इस अवसर पर सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहाएलक्ष्मी त्रिपाठी, लाल प्रताप सिंह,कुशमेंद्र त्रिपाठी,हनुमान सिंह परिहार, दादू सिंह,रामचंद्र शुक्ला रिटायर्ड तहसीलदार,ईश्वर नारायण श्रीवास्तव,कमलेश मिश्रा,वासुदेव अग्निहोत्री,संतोष पाण्डेय,महेंद्र परौहा, केशव सिंह परिहार,सनी सिंह,रामसुख पटेल, रामसुजान पाण्डेय, लल्लू मिश्रा गोरैया,लाल तिवारी गोरैया, अरुण सिंह पटेल,लाल विश्वकर्मा, उदयभान सिंह,बबला त्रिपाठी रामपुर, कमलेश तिवारी बेला,रामानंद उपाध्याय, राजकुमार सिंह परिहार, रामायण पांडेय, सुरेंद्र तिवारी रजरवार एव हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** ग्राम पंचायत सज्जनपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय सज्जनपुर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 13 अगस्त को सज्जनपुर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय सरपंच मुकेश सिंह मुक्कू सरपंच पति अनंत प्रताप सिंह गंगा प्राचार्य संतोष कुमार नागर नरेश धवई विकासखंड युवा समन्वयक ज्योति तिवारी नवीन श्रीवास्तव राकेश मिश्रा प्रकाश पांडेय राम लोचन अग्निहोत्री मीना द्विवेदी प्रकाश पांडेय शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे। इस दौरान ग्रामीण जन भी सम्मिलित होकर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का नारा लगाते हुए इस यात्रा में सम्मिलित हुए।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**जागरण, डिंडोरी।** जय गुरुदेव सोशल वेलफेयर संस्था डिंडौरी, खेल और युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा मंगलवार को मां नर्मदा हाई स्कूल, पुरानी डिंडोरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात थाना प्रभारी श्री सुभाष उइके, वार्ड पार्षद श्री हरिहर पाराशर एवं नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी से श्री आर. पी. कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर किया।तिरंगा यात्रा नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ बस्ती क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए आईटीआई के पास तक निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक सुश्री आरती सोंधिया , श्रीमती संतोषी यादव, नशा मुक्ति केंद्र से रितु सेन, नमन कछवाहा, स्टाफ एवं मां नर्मदा हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली को सफल बनाने में जय गुरुदेव सोशल वेलफेयर संस्था से कुंती गौतम की विशेष भूमिका रही। आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत संपन्न कराया गया।

## 15 अगस्त से होगा चरणबद्ध ग्राम सभाओं का आयोजन

**जागरण, बैढ़न ।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में 15 से 20 अगस्त तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा समस्त सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया हैं कि आयोजित होने वाली ग्राम सभा के संबंध में नियमित एजेण्डा बिंदुओं के साथ स्थानीय कार्य सूची विषय को शामिल करते हुए ग्राम सभा आयोजित की कराये। उन्होने निर्देश दिए कि इन ग्राम सभाओ में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्वास्थ विभाग खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं से हितग्राहियों को विभिन्न जानकारी प्रदाय कर लाभांवित किया जायेगा।

## संतान की दीर्घायु की कामना से हलषष्ठी ललही छठ त्योहार आज

**जागरण, बैढ़न ।** संतान की दीर्घायु की कामना से हलषष्ठी ललही छठ का व्रत भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी आज मनाया जाएगा। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार हलषष्ठी जिसे हरछठ ललही छठ या बलराम जयंती भी कहते हैं हिंदू धर्म में एक खास व्रत और त्योहार है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी की पूजा होती है जिन्हें हलधर कहते हैं क्योंकि उनका मुख्य शस्त्र हल था। माताएं इस व्रत को अपनी संतान की लंबी उम्र सुख और समृद्धि के लिए रखती हैं।

**हलषष्ठी पूजा का शुभ मुहूर्त :** हलषष्ठी के दिन पूजा के लिए कुछ खास समय बहुत शुभ माने जाते हैं। इन समय में पूजा करने से व्रत का फल कई गुना बढ़ता है। आज षष्ठी गुरुवार को सुबह 4. 25 से सायं 5.45 बजे तक शुभ मुहूर्त है जो बहुत ही पवित्र समय माना जाता है। दोपहर 11.59 से 12.52 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है जो सभी कार्यों के लिए शुभ होता है। इसके अलावा दोपहर 2.37 से 3.30 बजे तक विजय मुहूर्त पूजा के लिए उत्तम हैं।

## पुलिस ग्राउंड में हुई स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल

**जागरण, मंडला।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के पुलिस लाईन ग्राऊंड में किया जाएगा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों की फाईनल रिहर्सल का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम की ध्वजारोहण, परेड, सलामी सहित अन्य गतिविधियों की फाईनल तैयारियाँ देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली, सभी प्लाटून कमांडर्स का परिचय प्राप्त किया एवं रिहर्सल के पश्चात संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व से संबंधित जरूरी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

# सेवा निवृत्त पर सचिव को दी गई विदाई



**जागरण, अमदरा ।** ग्राम पंचायत रोहनिया खुर्द में पदस्थ सचिव पुरुषोत्तम पटेल के सेवा निवृत होने पर जोर दार विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया जनपद कार्यालय में मैहर नवागत सी ई ओ अशोक तिवारी जी के द्वारा श्री पटेल जी का श्री फल शाल देकर सम्मान किए वहीं ग्राम पंचायत रोहनिया खुर्द में भी विदाई समारोह कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत रोहनिया की सरपंच गोपा बाई सिंह जनपद सदस्य मुकेश सिंह पी सी ओ चन्द्र सिंह गोड़ सचिव ओम प्रकाश तिवारी राजकिशोर द्विवेदी पंचम शर्मा को पुष्पेंद्र गौतम रमेश यादव राजेंद्र यादव फूलचंद्र कोल रावेंद्र गौतम रामखेलावन पाल रामलाल रावत रामकुमार प्रजापति रोजगार सहायक हरि शंकर त्रिपाठी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे इस अवसर में सरपंच ने कहा कि हमेशा ही सचिव महोदय का सहयोग हमें मिला तथा हमेशा अपने काम ओर सहयोग पर ध्यान देते थे ।

# घर-घर झण्डा अभियान का कलेक्टर कर रहे संचालन



जागरण
तिरंगा रैली

## जिले में गांव-गांव, घर-घर लहरायेगा तिरंगा झण्डा

### कलेक्टर के निर्देश पर जुटे जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी सीधी जिले में घर-घर झण्डा अभियान का सफल संचालन कर रहे हैं। उनके निर्देशन में जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी घर-घर झण्डा अभियान को लेकर लोगों को जागरूक एवं प्रेरित कर रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक तिरंगा रैली निकाली जा रही है जिसमें लोगों की बड़ी सहभागिता बनी हुई है। कलेक्टर स्वयं जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ तिरंगा रैली में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति की भावना को बुलंद कर रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि हर घर में तिरंगा फहराया जाये और देश भक्ति का संदेश स्वतंत्रता दिवस पर दिया जाये। लोग भी अपने घरों में तिरंगा लगाने में जागरूक नजर आ रहे हैं। शहरों के साथ गांव के घरों में तिरंगा लहराते दिख रहे हैं। इस अभियान में नगरीय निकायों के साथ ग्राम पंचायतें भी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटी हुई हैं। इस वर्ष शहर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त से शुरू है और 15 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और जुड़ाव की भावना को और मजबूत करना है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, हमारे देश की आत्मा, हमारे बलिदानों का प्रतीक और हमारी साझा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। देश अपनी स्वतंत्रता के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। अमृत काल में हर घर तिरंगा अभियान 2025, राष्ट्रीय ध्वज को हर भारतीय के घर तक पहुंचाने वाला एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है। यह हमारी साझा पहचान, स्वतंत्रता और एकता का एक भव्य उत्सव है, जो तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। यह केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के सामूहिक गौरव और आकांक्षाओं का जीवंत प्रतिनिधित्व है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी जिलेसियों से हर घर तिरंगा अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान 2 अगस्त से शुरू हुआ है जो 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। कलेक्टर के प्रयासों से यह अभियान अब एक शक्तिशाली जन आंदोलन बन चुका है, जिसमें पूरे जिले के लोग भाग ले रहे हैं। इसका लक्ष्य प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना है। तिरंगा, एक अद्वितीय और सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में, एक शक्तिशाली एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करता है। यह अभियान प्रभावी ढंग से लोगों में अपनेपन की सामूहिक भावना को बढ़ावा देगा।

### बाइक रैली से गूंजा देशभक्ति का संदेश

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज दिनांक 13 अगस्त 2025 को सीधी पुलिस के द्वारा भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और उत्साह का जीवंत प्रतीक बनी। रैली में जिला कलेक्टर स्वरोचिश सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक रीता त्रिपाठी, निरीक्षक अरुणा द्विवेदी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित सीधी पुलिस के अन्य अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए। रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट से हुआ और यह अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौक, अमहा, पुराना हनुमान मंदिर, जामा मस्जिद, सम्राट चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में डीजे पर बजती देशभक्ति की धुनों, हवा में लहराते शानदार तिरंगों और नागरिकों के जोशीले नारों ने माहौल को पूरी तरह देशप्रेम के रंग में रंग दिया। विशेष रूप से जिले के सभी थाना एवं चौकियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और पुलिस बल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पूरे जिले में देशभक्ति की लहर और भी प्रबल हुई तथा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव जन-जन तक पहुँचा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता दिवस का स्वागत करना था, बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करना भी था। सीधी पुलिस ने यह संदेश दिया कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म और एकता के स्वरूप में प्रकट होती है।

# तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक कार्य से विरत, राजस्व न्यायालयों में कार्य ठप्प



## सीधी विधायक को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण, सीधी

जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक और कार्यपालिक विभाजन के विरोध में 6 अगस्त से कार्य से विरत हैं। इस कारण समस्त राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं भूमि विवाद से संबंधित समस्त कार्यवाही ठप्प हो गई। केवल प्राकृतिक आपदा से जुड़े कार्यों को छोड़कर शेष सभी राजस्व कार्य बाधित है। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ सीधी द्वारा आज अपनी मांगों का 7 बिंदुओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक को सौंपा। ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष राकेश शुक्ला तहसीलदार गोपद बनास के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान सीधी जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण



**जागरण, सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रातः 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन तथा मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत प्रातः 9.10 बजे परेड का निरीक्षण एवं मार्चपास्ट किया जायेगा तथा प्रातः 9.20 बजे मुख्य अतिथि परेड कमान्डर एवं प्लाटून कमान्डर का परिचय प्राप्त करेंगे। प्रातः 9.25 बजे मुख्यमंत्री जी द्वारा संदेश वाचन का लाइव प्रसारण तथा प्रातः 9.56 बजे मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया जायेगा। प्रातः 10.15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। 10.35 बजे प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल सम्पन्न



**जागरण, सीधी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द्र श्रीवास्तव द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गम्भीरता से पालन करना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अंतिम रिहर्सल का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के आधार पर सभी गतिविधियां की गईं। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, सहायक संचालक जनसंपर्क मुकेश मिश्रा, जिला समन्वयक शिक्षा विभाग राजेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर मदिरा का क्रय,विक्रय,परिवहन प्रतिबंधित

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले की समस्त प्रकार की मदिरा दुकानें, मदिरा गोदाम, होटल बार एफएल-3, रेस्तरा बार एफएल-2, एवं देशी मद्य भण्डागार सीधी 15 अगस्त 2025 को पूर्णतः बंद रहेंगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सीधी।** टोंको-रोको-ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने बताया है कि किसानों एवं मजदूरों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान कराए जाने हेतु संयुक्त किसान मोर्चा सीधी द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित कलेक्टर सीधी के माध्यम एक ज्ञापन दिया गया है। श्री तिवारी ने बताया की ज्ञापन पत्र के 13 बिंदु राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं से संबंधित हैं तथा 5 बिंदु स्थानीय स्तर की समस्याओं के हैं। ज्ञापन पत्र साझे तौर पर वामपंथी दलों के साथियों, किसान संगठनों के साथियों, मजदूर आंदोलन के साथियों नें दिया। ज्ञापन पत्र में शामिल बिंदुओं में अमेरिका सहित भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले विशेष व्यापार समझौते एफटीए नहीं किए जाएं। अमेरिका द्वारा थोपे गए 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत टैरिफका सख्ती से विरोध किया जाए। नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग तथा नई नेशनल कोऑपरेटिव पॉलिसी रद्द की जाए। सी 250 प्रतिशत फॉर्मूला पर सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए और उसकी खरीदी सुनिश्चित करने की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए। किसानों की समग्र कर्ज माफी की जाए। माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न बंद किया जाए। बिजली क्षेत्र का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए। लंबित बिजली बिलों को माफ करते हुएए ग्रामीण क्षेत्र को 300 यूनिट मुक्त बिजली और 18 घंटे प्रतिदिन ग्रामीण इलाकों में बिजली प्रदाय की जाए। सभी राज्यों में लैंड पूलिंग नीति को खारिज करते हुए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को सख्ती से लागू किया जाए। सभी सरकारी पेंशन 10,000 प्रति माह की जाए।

## श्रीमद् भागवत का शुभारंभ, निकाली कलश शोभायात्रा



**जागरण, सीधी।** शहर के हृदय स्थल पूजा पार्क, गायत्री मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 13 अगस्त से 19 अगस्त 2025 तक समय 3 बजे से शाम 7 बजे तक अनवरत रस वर्षा होगी। श्री धाम वृंदावन से आए कथावाचक बांके बिहारी शास्त्री महाराज के निर्देशन में आचार्य ने दिव्या वरुण कलश गणेश पूजन के साथ विशाल कलश यात्रा कार्तिकेय हनुमान मंदिर से निकली जो सम्राट चौक अस्पताल चौक होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची जहां सभी मातृशक्तियों ने कलश स्थापना कर गीत गायन की। शोभायात्रा मे ढोल नगाड़ा राधे-राधे, जय श्री राम का जय घोष होता रहा। कथा स्थल में देवताओं का आवाह्न पूजन व्यास पीठ का पूजन किया गया। इस दौरान यजमानों माताओ-बह्नों की उपस्थिति सराह्नी रही। जहां मुख्य रूप से श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजक श्रीमती गुड़िया पाण्डेय, डॉ. वर्षा गौतम, उर्मिला शर्मा, मीनू सिंह चौहान, रश्मि गुप्ता, निशा नामदेव, सविता सोनी, ममता नामदेव, रंजीत नामदेव, ह्निा कुशवाहा, कंचन साकेत, सीता जायसवाल, सविता सोनी, विमल तिवारी, गीत केवट, दिव्या वर्मा, रेखा सिंह, लक्ष्मी द्विवेदी, अंजलि नामदेव, रेनू यादव, सुमित नामदेव, कुमकुम सिंह, कृतिका सिंह, कुसुम सिंह परिहार, राजकुमारी गुप्ता, अनु सिंह, रेखा गुप्ता, प्रियंका मौर्या, संगीता सोनी, गीता मिश्रा, पुनीता द्विवेदी, निधि पाण्डेय, प्रतिभा द्विवेदी, सुनीता कोरी आदि सैकड़ो भक्तगण जनता जनार्दन शामिल रहे।

## एक बगिया मां के नाम का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**जागरण, मझौली।** जिला कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमान राज के मार्गदर्शन में एक बगिया मां के नाम का एकदिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत मझौली के प्रज्ञा भवन में जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह के मुख्य अतिथि व तिलक राज सिंह सरपंच संघ अध्यक्ष सरपंच टिकरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हाकिम सिंह, नीतू सिंह, उमा सिंह, सरपंच डांगा एंड. अखिलेश जायसवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली धनंजय मिश्रा यथा उचित स्थान पर विराजमान रहे। प्रशिक्षण के प्रारंभ में मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक बगिया मां के नाम महत्वपूर्ण योजना है हितग्राही मूलक योजना पूर्ण रूपेण से मनरेगा पोषित योजना है। हितग्राहियों का चयन उनके ज़मीन के रकवा के आधार पर किया जाएगा। जहां अशोक चन्द्र माथुर एपीओ, चन्द्रकान्त सिंह आजीविका मिशन प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उपस्थित जनों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी जिला एवं जनपद सदस्य ग्राम पंचायतों के सरपंच उप सरपंच एवं सभी संकुल स्तरीय संगठनों के अध्यक्ष एवं ग्राम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शा. कन्या महावि. की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दिनांक 13 अगस्त 2025 को महाविद्यालय परिसर से कलेक्ट्रेट तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम, स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश स्लोगन और नारों के माध्यम से नगर वासियों को दिया। इस यात्रा में कन्या महाविद्यालय की लगभग 600 छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त विभागों के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफशामिल हुआ। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा की जयघोष के साथ पूरे उत्साह के साथ यह यात्रा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए कन्या महाविद्यालय परिसर में लौटकर पूर्ण हुई।

## नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आमजन में नशे के दुष्परिणामों से बचाव एवं नशे की रोकथाम हेतु दिनांक 13 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय नशा मुक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने की व्यवस्था महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरएस भारती के द्वारा महाविद्यालय में की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. केएस नेताम, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ. अरुणा सिंह, डॉ. विनोद कुमार साकेत, डॉ. राकेश कुमार प्रजापति, डॉ. रविन्द्र नाथ सिंह तथा अतिथि विद्वान एवं छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# पुत्र की दीर्घायु के लिए महिलाएं आज करेंगी हलछठ का व्रत

## पूजन सामग्री की सडक की पटरियों पर सजी हैं दुकानें



जागरण, सीधी

पुत्र की दीर्घायु की कामना के साथ महिलाएं आज गुरूवार को हलछठ का व्रत पूरी आस्था के साथ रखेंगी। पूजन सामग्री की दुकानें कई दिनों से बाजार के सडकों के किनारे सजी हुई हैं। जिनमें महिलाओं द्वारा जरूरत की सामग्री की खरीदी की जा रही है। भाद्रपद माह में हलछठ का व्रत रखा जाता है। इसे ललही छठ, बलदेव छठ, चंदन छठ, तनिछठी छठ, रंधन छठ और तिन्नी छठ के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि सप्तमी युक्त हलषष्ठी का योग बनता है और इसीलिए हलछठ पर्व मनाया जाता है। मान्यतानुसार हलछठ के दिन ही बलरामजी का जन्म हुआ था। बलराम श्रीकृष्ण के बड़े भाई थे। हर साल जन्माष्टमी से दो दिन पहले हलछठ का पर्व मनाया जाता है। अधिकतर पुत्रवती स्त्रियां इस व्रत को रखती हैं। ज्योतिष के अनुसार इस साल 14 अगस्त के दिन हलछठ का व्रत रखा जाना है। इस साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि हलछठ जयंती 14 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार षष्ठी तिथि की शुरुआत 14 अगस्त 2025 को सुबह 4 बजकर 23 मिनट होगी और इसका समापन 15 अगस्त को सुबह 2 बजकर 7 मिनट पर होगी। हलछठ की पूजा सामग्री में महुआ का फल, फूल, पत्ते, लाल चंदन, कुश, चावल, मिट्टी का दीपक, ज्वार की धानी, पलाश, झरबेरी, सात प्रकार के अनाज और भुने चले शामिल किए जाते हैं। इस दिन कुल्हड़ और मटके की पूजा भी की जाती है। मान्यतानुसार हलछठ का व्रत पुत्रवती स्त्रियां रखती हैं। सुबह उठकर स्नान पश्चात व्रत का संकल्प लिया जाता है। इस दिन महिलाएं मिट्टी के बर्तनों में भुने अनाज और मेवे रखे जाते हैं। मिट्टी में गड्ढा बनाया जाता है और उसकी गोबर से लिपाई करते हैं। इस गड्ढे को तालाब का रूप दिया जाता है। अब पूजा करने के लिए झरबेरी और पलाश की शाखा लेकर बांधी जाती है और मिट्टी में गाढ़ देते हैं। इसके बाद पूजा करते हुए भुने चने और जौ की बालियां चढ़ाई जाती हैं। सभी पूजा सामग्री एक-एक करके इस मिट्टी में अर्पित की जाती हैं। पूजा संपन्न हो जाने के बाद रात के समय चंद्रमा को देखकर व्रत खोला जाता है।

# नगर परिषद रामपुर नैकिन में निकली विशाल तिरंगा यात्रा



**जागरण, सीधी।** चुरहट विधानसभा के अंतर्गत मंडल रामपुर नैकिन में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर परिषद रामपुर नैकिन में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें राष्ट्रभक्ति, एकता और राष्ट्रीय एकात्मकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिले के अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान नगर परिषद रामपुर नैकिन के अध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के प्रभारी राम कुमार साहू युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, इस कार्यक्रम के सहप्रभारी मनीष गौतम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, मंडल रामपुर नैकिन के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता आनंद बिहारी मिश्रा, पार्षद नगर परिषद रामपुर नरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, रवि बहादुर साकेत, मजदूर संघ जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी, पूर्व निज सचिव प्रिंस निगम, सीयम राइज स्कूल के प्राचार्य बद्री त्रिपाठी, कन्या स्कूल के प्राचार्य आरडी कोल, उत्कृष्ट विद्यालय रामपुर नैकिन के प्राचार्य केडी तिवारी, वरिष्ठ अध्यापक संजय श्रीवास्तव, मदर टेरेसा स्कूल के प्राचार्य जगत पाण्डेय, पंचमुख पब्लिक स्कूल के संचालक बाला तिवारी, सरस्वती स्कूल के प्राचार्य बृजेंद्र मिश्रा, नगर परिषद रामपुर के वरिष्ठ समाजसेवी राम सिया गुप्ता, मथुरा प्रसाद गुप्ता, अमित विश्वकर्मा, आशीष तिवारी राजा, राजेश मिश्रा राजा भैया, रामायण अग्रहरि, महेंद्र यादव, श्रीमती शीला कोल, मुकेश तिवारी, पूर्व पार्षद गजेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद उपेंद्र तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, ज्वाला वर्मा जी एवं युवा साथी नागेंद्र यादव, विनीत गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रदुम गुप्ता, अतुल चौबे, शिवल द्विवेदी, इशांत पाण्डेय, सचिन पाण्डेय, विनय पाण्डेय, संदीप तिवारी, पवन तिवारी, सागर मिश्रा एवं रामपुर नैकिन के समस्त स्कूल के छात्र-छात्रा नगर परिषद रामपुर नैकिन के सीएमओ एवं कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल संचालन कर रहे आशुतोष द्विवेदी आशु एवं युवा साथियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# स्वच्छता के संकल्प के साथ हर घर में लहराए तिरंगा: रीती

## सीधी नगर मंडल द्वारा आयोजित हुई तिरंगा यात्रा



जागरण, सीधी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा शानदार तिरंगा यात्रा स्थानीय पूजा पार्क में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। तिरंगा यात्रा के पूर्व सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस त्याग और तपस्या एवं हजारों बलिदान के पश्चात प्राप्त हुई आज़ादी है। हम सभी को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्वच्छता के संकल्प के साथ हर घर में शान से तिरंगा लहराए। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने शहीदों को नमन करते हुए देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को आजादी के महत्व को समझना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने हर घर तिरंगा अभियान रैली के पूर्व नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा शानदार ढंग से निकल जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प स्वर्णिम मध्य प्रदेश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ हम सभी को सपरिवार हर घर में तिरंगा फहराना चाहिए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करना चाहिए। नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने स्वागत भाषण के पश्चात आए हुए अतिथियों के अभिनंदन के पश्चात तिरंगा यात्रा की प्रस्तावना को विस्तार से रखा। तिरंगा यात्रा स्थानीय पूजा पार्क से आरंभ होकर अस्पताल चौक, सम्राट चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक और पुनः पूजा पार्क में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, अनिल पाण्डेय, अमलेश्वर चतुर्वेदी, संदीप शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, शत्रुघ्न तिवारी, राम प्रसाद वेश्यए, संजय सिंह चौहान, सुधीर शुक्ला, रविचंद्र सिंह परिहार, रवि केसरी, डॉ. अजय मिश्रा, मोतीलाल पटेल, डॉ. अनूप मिश्रा, नगरी निकाय के प्रदेश सह संयोजक जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, जिला मंत्री अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, पूजा सिंह कुशराम, ज्योति कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अनीता चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, राकेश सिंह, पुनीत नारायण शुक्ला, मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, राजमाणि साहू, राकेश मौर्या, लोरिक प्रसाद यादव, पुन्नू खानए, शिवदान साकेत, मनोज सिंह चौहान, नीलम पाण्डेय, आशीष मिश्रा पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो नगर वासी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जयए वंदे मातरम जैसे नारे गुंजते रहे।

## पंचायत उन्नत सूचकांक 2.0 का प्रशिक्षण संपन्न



**जागरण, मझौली।** जनपद मझौली के सभागार में 13 अगस्त बुधवार को पंचायत उन्नत सूचकांक 2.0 के एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जहां जनपद के सभी ग्राम पंचायत के सूचकांकों के थीम बार स्कोर का सभी के समक्ष विश्लेषण किया गया एवं 151 प्रश्न का थीम बार सभी सचिव, सहायक सचिव एवं जनपद स्तरीय लाइन विभाग के अधिकारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया तथा सभी ग्राम पंचायत को जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह के द्वारा तथा प्लस कैटेगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। सभा में जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह एवं अन्य जनपद सदस्य, अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनंजय मिश्रा, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं मास्टर ट्रेनर अजय कुमार गुप्ता विकासखंड से नितिन तिवारी, ऑपरेटर व अन्य अधिकारी, कर्मचारी जनपद से उपस्थित रहे। अंत में तिरंगा अभियान के तहत गतिविधि कराया गया एवं 15 अगस्त की शुभकामनाओं के साथ समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी अरविंद तिवारी जनपद पंचायत मझौली के द्वारा दी गई।

## जिले में औसत वर्षा 987.2 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 13 अगस्त को सीधी जिले में 5.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 17.2 मि.मी., गोपद बनास में 11.4 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 6.0 मि.मी. और कुसमी में 2.1 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 987.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 13 अगस्त तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 1112.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 809.8, चुरहट में 942.0, गोपद बनास में 947.2, सिहावल में 1072.6 मि.मी., बहरी में 1061.1 मि.मी. और कुसमी में 966.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है।

# जिले में हर्षोल्लास और सद्भाव के साथ मनायें जायेंगे सभी धार्मिक त्यौहार

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न




**जागरण, कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में आगामी सभी त्यौहारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शांति समिति की बैठक में शनिवार 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी, बुधवार 27 अगस्त को गणेश मूर्ति स्थापना, शुक्रवार 5 सितंबर को मिलाद उन नबी और रविवार 7 सितंबर को गणेश मूर्ति विसर्जन का पर्व और त्यौहार शांतिपूर्वक उत्साह के साथ मनाये जाने पर सर्वसम्मति से चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित सभी एसडीएम, थाना प्रभारी और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर नगर निगम को मंदिर परिसर और सभी आयोजन स्थलों के आसपास साफ सफाई और मार्गों के गड्ढों को भरने तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्यौहारों के मद्देनजर एकत्रित होने वाली भीड़ को देखते हुये शांति व कानून व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत पहुंचा जा सके। उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी सहित अन्य सभी पर्वों को देखते हुये बिजली विभाग के अधिकारियों को मंदिरों एवं मेला स्थानों पर विद्युत तारों व टेलीफोन तारों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को ताकीद किया कि त्यौहारों के दौरान चिन्हित स्थलों में चिकित्सिक और दवाईंयों सहित 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे त्यौहारों के मद्देनजर थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करें और प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थायें और समयपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि 7 सितंबर को सायंकाल से महाआरती उपरांत गणेश विसर्जन व चल समारोह सायं काल 7.30 बजे से प्रारंभ होगा। इसके लिए कटनी नदी के मोहन घाट एवं गाटर घाट में बड़ा विसर्जन जल कुंड बनाने के निर्देश दिये गये। शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया गया कि सभी प्रकार की प्रतिमाओं का विसर्जन जल कुंड में ही किया जाये ताकि नदी, नाला और तालाब के जलों में प्रदूषण न हो। कलेक्टर ने विसर्जन स्थालों पर कुंड निर्माण, साफ सफाई तथा प्रकाश व्यवस्था एवं बैरिकेटिंग करने की हिदायत दी। मसुरहा घाट और पीरबाबा घाट पर भी पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी विसर्जन कुंड बनाने के निर्देश दिये गये हैं। सभी से सुगम यातायात बनाये रखने के नजरिये से यथा उचित स्थान व सीमा निर्धारण के साथ पंडालों का निर्माण कराने और सभी पंडालों को विद्युत कनेक्शन आवश्यक लेने के निर्देश दिये गए। इसके अलावा विसर्जन कुंडों में पुलिस बल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ-साथ विसर्जन स्थल पर होमगार्ड के जवान, तैराक, गोताखोर, लाइफ जैकेट, मोटर वोट आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर ने 7 सितंबर की शाम को गणेश उत्सव एवं विसर्जन पर जुलूस मार्गों में मांस, मछली की दुकानें बंद कराने के निर्देश नगर निगम को दिये। इसी प्रकार मिलाद उन नवी के दौरान 5 या 6 सितंबर को निकलने वाली मोटर साइकल रैली के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों से हेलमेट का उपयोग हर हाल में करने का आग्रह किया और वाहन रैली एवं जुलूस के दौरान अस्त्र शस्त्र व आतिशबाजी का उपयोग नहीं करने की बात कही।

# ब्यौहारी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**जागरण ब्यौहारी।** मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी विभागों की तरफ से तिरंगा यात्रा रेलवे तिराहा से लेकर टंकी तिराहा तक निकाली गई कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक शरद कोल, विमलेश मिश्रा सांसद प्रतिनिधि, नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्णा राजन, नरेंद्र सिंह धुर्वे एसडीएम, एसडीओपी,अरुण पांडे नगर निरीक्षक ब्यौहारी-सहित हजारों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



# अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया




**जागरण ब्यौहारी।** शासकीय महाविद्यालय अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम आज दिनांक 12 अगस्त 2025 समय दोपहर 2:00 बजे शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम किया गया शहडोल जिले के ब्यौहारी प्रखंड के महाविद्यालय में अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद शहडोल विभाग के विभाग मंत्री वाल्मीक जयसवाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहडोल विभाग संयोजक जय सिंह तोमर ब्यौहारी प्रखंड अध्यक्ष श्री राजेंद्र सोनी प्रखंड मंत्री मनीष मिश्रा , रम ई कहार उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सैकड़ों लोगों के साथ तिरंगा लेकर निकले प्रभारी मंत्री एवं सांसद, तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत



**जागरण, कटनी।** कटनी में बुधवार को भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा दीनदयाल खेल परिसर से सुबह 10.30 बजे प्रारम्भ हुई। कटनी शहर में बीते साल की भांति इस बार भी तिरंगा यात्रा बरसते पानी मे उत्साहजनक ढंग से निकाली गई। इस यात्रा की जोरदार तैयारियां कचहरी चौक से सटे फारेस्टर खेल मैदान में की गई थी। बड़ी संख्या में भाजपाजन मंडलों से यहां यात्रा के रूप में पहुंचे। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज के छात्र छात्राओं, एनसीसी, स्काउट गाइड, गर्ल्स कॉलेज, तिलक कालेज के ग्रुप, पुलिस प्रसासन, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी व आम जन में शामिल थे। फारेस्टर प्ले ग्राउंड से सुबह 10.30 बजे शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायकगण संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेन्द्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, कलेक्टर दिलीप यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा सहित अधिकारी आदि शामिल थे।

तिरंगा यात्रा का बारिश ने जोरदार अभिनंदन किया। बीते वर्ष भी तिरंगा यात्रा शुरू होते ही बारिश का आगाज हुआ था हालांकि बारिश यात्रा में कोई खलल नहीं बनी अपार उत्साह से लोगों ने यात्रा में शामिल होकर राष्ट्र प्रेम की भावना का परिचय दिया। तेज बारिश से तिरंगा यात्रा में उत्साह दोगुना हो गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। शहर के अलग-अलग मंडलों से भी यात्रा निकली। सभी कार्यकर्ता दीनदयाल खेल परिसर फोरेस्टर प्ले ग्राउंड में एकत्रित हुए। कार्यकर्ता विशाल तिरंगा लिए चल रहे थे। 146 करोड़ देशवासियों के स्वाभिमान के रूप में अपने देश का राष्ट्रध्वज लेकर कार्यकर्ता विशाल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक तिराहा गांधी द्वार, जैन मंदिर, खेर माई मंदिर, घंटाघर, सराफा, कपड़ा, बाजार सुभाष चौक, मोहन टॉकीज रोड से होते हुए पुनः फारेस्टर प्ले ग्राउंड में समाप्त हुई। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि लोगों का उत्साह देखकर सिद्ध है कि देश की आन बान और शान की खातिर प्रत्येक देशवासी हर वक्त तत्पर है। हमें अपनी सेना पर गर्व है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये दुश्मन को परास्त करने के लिए सेना के पराक्रम की सराहना की।

# दोनों नगर परिषद अध्यक्षों ने लिया निर्मला पाठक का आशीर्वाद



**जागरण, कटनी।** विजयराघवगढ़ एवं कैमोर नगर परिषद अनोखी भूमिका निभाने के बाद नयी दिशा मे अपने संकल्पो को लेकर चलने को तैयार है किन्तु किसी भी शुभ कार्य के पूर्व बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ईश्वर के प्रति स्मरण आवश्यक माना जाता है। इसी तारतम्य मे विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने अपना वादा निभाया तो कैमोर नगर परिषद तथा विजयराघवगढ़ नगर परिषद की वर्तमान अध्यक्षों को नयी उम्मीद के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह्न करने से पहले बड़े बुजुर्गों के चरणों का आशीर्वाद लेना प्रारंभ किया। नगर के प्रबुद्धजनो के साथ-साथ विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की माताजी श्रीमती निर्मला पाठक से भी आशीर्वाद लेने पहुंची। कैमोर नगर अध्यक्ष पलक ग्रोवर एवं विजयराघवगढ़ नगर अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे ने आशीर्वाद लेते हुए विधायक जी की माता जी का मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। श्रीमती निर्मला पाठक ने कहा की लोगो की सेवा करने के लिए पद आवश्यक है किन्तु इसका लाभ दूसरों को मिलना चाहिए आप नेक कार्य करते रहो फल ईश्वर देगा, राजनीति वह चीज है आप के अच्छे कार्यो का भी लोग गलत अर्थ निकालेंगे, आप को कलंकित करेंगे, किन्तु चंद लोगों के विरोध से न डरना न घबराना नगर के हित मे आगे बढ़ते रहना। विरोधियों और विपक्षियों को जबाब वही नगर के लोग समय आने पर देंगे। कैमोर नगर अध्यक्ष पलक ग्रोवर ने कहा हमारी मार्गदर्शक भी आप है और राजनैतिक गुरु भी, राजेश्वरी दुबे ने कहा मैंने हमेशा श्रीमती निर्मला पाठक को अपनी सासू माँ माना है उन्ही के बताए संस्कारों के साथ आज मे इस मुकाम तक हूं।

# स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय कार्यक्रम को मनाने हेतु बैठक

**जागरण, पवई।** आज दिनांक 13.8.2025 को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णगढ़ के परीक्षा हाल में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 राष्ट्रीय कार्यक्रम को मनाने हेतु गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्था प्रमुख की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय पर्व को निम्नलिखित सुझाव एवं सर्वसम्मति से स्वीकार कर क्रियान्वयन हेतु कृष्णगढ़ के सभी स्कूलों से आए हुए संस्था प्रमुख एवं पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णगढ़ मौजूद शिक्षा एवं स्टाफ राष्ट्रीय पर्व मनाने में किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे इसके लिए दिशा निर्देश दिए गए आज की बैठक में उपस्थित सदस्य ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ सरपंच उप सरपंच दीपेंद्र त्रिपाठी,प्राचार्य कृष्णा सेवक प्रजापति,पूर्व प्राचार्य एल चौधरी , संस्था प्रमुख विश्वनाथ गर्ग,अवधेश सोनी,मुकेश साहू आदित्य प्रताप सिंह शिक्षक, राजकुमार सिंगरौल पत्रकार, कुलदीप गर्ग ,वीरेंद्र तिवारी ,सत्यम गर्ग एवं और भी शिक्षक गण एवं पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर मांसाहारी बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**जागरण, कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी, मछली आदि के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उक्त दो दिवस मांसाहार प्रतिबंध किए जाने हेतु आदेश जारी करते हुए समस्त दुकानदारों को सूचित किया है कि दिनांक 15 एवं 16 अगस्त को मांसाहारी पदार्थ का क्रय विक्रय बंद रहेगा, साथ ही उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं किरण सिंह पति श्री रावेन्द्र सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम कोठार पोस्ट बहेलियाभाठ तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. की स्थायी निवासी हूं निम्न कथन करती हूं कि मेरे पुत्र पियूष सिंह के विद्यालय के समस्त शैक्षणिक अभिलेख/दस्तावेज में पुत्र का नाम PYUSH SINGH दर्ज है। जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी में PIYUSH SINGH दर्ज है जो सही व सत्य है। यह कि मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्डों में मेरे पुत्र का नाम सुधार कर PYUSH SINGH के स्थान पर PIYUSH SINGH लिखा व पढ़ा जाय। तथा जन्म तिथि 15.01.2010 के स्थान पर सुधार कर 14.01.2009 दर्ज की जाय।

RN-82743 किरण सिंह

## नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) 482004

B.V.Sc. & A.H./B.F.Sc. स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु
आर्नलाईन काउंसलिंग कार्यक्रम रात्र 2025-2026

क्रमांक 915/प.चि./अ.स./2025 दिनांक 13/08/2025

पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नाातक (B.V.Sc. & A.H) (51/2 years) एवं मत्स्य विज्ञान स्नातक (B.F.Sc.)(4 years) पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की आर्नलाईन काउसलिंग NEET (UG)-2025 के मेरिट के आधार पर दिनांक 20.08.2025 से प्रारंभ होगी। आर्नलाईन काउंसलिंग हेतु विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.ndvsu.org/पोर्टल https://ndvsu.mponline.gov.in पर देखें। अगले चरणों की काउंसलिंग की जानकारी उपरोक्त बेवसाइटों में उपलब्ध होगी। इस संबंध में कोई भी संशोधन/परिवर्तन केवल उपर दर्शायी गई वेवसाइटों में उपलब्ध रहेगा, अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कुलसचिव

## Government of Madhya Pradesh
## Public Health Engineering Department

NIT No 07/EE/PHED/2025-26/ Satna, Dated 11.08.2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

**Name of Work-** Revised Work of Existing Piped Water Supply Scheme in Different Villages with 90 days Trial Run Commissioning of Entire Scheme in Village Khamariya Kala in Block Nagod Under Division Satna (M.P.)

| NIT No. | E-Tender No | Name of Villages/ Block | PAC (in lakh) | EMD (Rupees) | Document Fee (Rupees) | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | 2025_PHED _443615_1 | Khamariya Kala/Nagod | 19.64 | 39280/- | 2000/- | 6 Months |

1. Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. Bid Document Can be Seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in Upto 22.08.2025 05:30 PM.
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders.gov.in .The deadline for submission of the bid is up to 22.08.2025 05:30 PM.
4. Amendments to NIT, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in only, and not in newspapers.

Executive Engineer
PHE Division Satna
Mobile No-8770013130

G-17189/25

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बहनें आत्मनिर्भर हुईं : सांसद

## भाजपा जिला कार्यालय में सांसद सहित भाजपाजनों ने बहनों से बंधवाई राखी



**जागरण, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्वच्छता मित्र बहनों सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारियों तथा सैकड़ों की तादात में उपस्थित बहनों से राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा जिला कार्यालय में आज रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर बहनों से राखी बंधवाकर कृतार्थ हुआ। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तथा डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार ने बहनों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। जिनसे आज हमारी बहनों का जीवन स्तर सशक्त हुआ तथा वे आत्मनिर्भर बनीं। सांसद श्री शर्मा ने सभी बहनों के पैर छुए तथा उनसे आशीर्वाद लिया। जिला कार्यालय में पारिवारिक माहौल के बीच आयोजित इस आत्मीय आयोजन में बड़ी संख्या में बहनों ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को राखी बांधी। जिला अध्यक्ष श्री दीपक सोनी टण्डन ने बहनों के आशीर्वाद को जीवन की पूंजी बताते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज हमारी बहनों ने रक्षा सूत्र के रूप में भाइयों की रक्षा का कवच बांधा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रभारी अंकिता तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन सहित भाजपाजन मौजूद थे।

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक /08/2025

### इश्तहार

आवेदक ब्रिजेश कुमार पटेल पिता श्री रामशिरोमणि पटेल, उम्र-29 वर्ष निवासी-म.नं. 1108/12, प्रयागराज रोड, एस.पी.एस. मॉल सिद्धार्थ नगर, हुजूर रीवा आवेदिका अंजली पटेल पुत्री श्री पुष्पेन्द्र कुमार पटेल, उम्र-23 वर्ष निवासी-म.न. 474/15 होटल लैण्डमार्क बल्लभ नगर, रतहरा, हुजूर, रीवा के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/- रु. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक-15.09.2025

विवाह अधिकारी
जिला रीवा ( म.प्र. )

RN-82742

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत (रु.) | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी0-सी-2025-138 | 2836293.92 | 56700.00 |
| कार्य का नाम: हैवी रिपेयर वर्क ऑफ आरसीसी ओवर हेड टैंक एट गोविन्दपुरी कॉलोनी एंड कालपी स्टेशन अंडर एडीईएन/कानपुर जूरिडिक्शन। | | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 05 माह | | |
| झाँसी-इन्जी0-सी-2025-142 | 22926839.10 | 264600.00 |
| कार्य का नाम: मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग इन परौना-कानपुर सेक्शन अंडर एडीईएन/कानपुर सब डिवीजन। | | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह | | |

**निविदा बन्द होने की तिथि:** 05.09.2025 at 15:00 hrs.

• निविदा दिनांक 05.09.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1445/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## Government of Madhya Pradesh
## Public Health Engineering Department

NIT No 08/EE/PHED/2025-26/ Satna, Dated 11.08.2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

**Name of Work-**Hiring of inspection vehicle Scorpio Bolero Neo Equivalent 6 Plus 1 Person sitting arrangement Model year April 2022 or after in different offices Under Satna Division/ Rewa Circle Rewa.

| NIT No. | E-Tender No | Office Name | PAC (in lakh) | EMD (Rupees) | Document Fee (Rupees) | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 2025_PHED _443616_1 | Division office Satna, Satna Sub Division and Majhgawan Sub Division | 9.34 | 18680/- | 2000/- | 12 Months |
| | 2025_PHED _443616_2 | Amarpatan Sub Division and Maihar Sub Division | 6.23 | 12460/- | 2000/- | 12 Months |
| | 2025_PHED _443616_3 | Rewa Circle Office | 3.11 | 6220/- | 2000/- | 12 Months |

1. Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. Bid Document Can be Seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in Upto 25.08.2025 05:30 PM.
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders.gov.in .The deadline for submission of the bid is up to 25.08.2025 05:30 PM.
4. Amendments to NIT, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in only, and not in newspapers.

Executive Engineer
PHE Division Satna
Mobile No-8770013130

G-17190/25

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## एक शाम शहिदो के नाम कार्यक्रम का आयोजन आज

**जागरण, कटनी।** कैमोर नगर परिषद के तत्वावधान मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार राष्ट्रीय पर्व एक शाम शहिदो के नाम विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की उपस्थिति मे 14 अगस्त शाम 7.30 पर 100 फिट तिरंगा प्रांगण मे आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर ने जानकारी देते हुए कहा की विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन में एक शाम शहिदों के नाम कार्यक्रम देश के जवानों के नाम समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान से ही जुड़कर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर नगर परिषद के पार्षदों की सहमति व अधिकारियों के सहयोग से किया जाना है।

## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला-रीवा (म.प्र.)

E-mail ID-cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक/1383/राजस्व/ सार्व. सूचना/न.परि./2025 डभौरा, दिनांक 12.08.2025

### सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद डभौरा के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के समस्त संपत्तिधारकों को सूचित किया जाता है, कि शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर के निर्धारण हेतु जी.आई.एस. सर्वे का कार्य RSI Softech India Pvt. ltd. द्वारा किया गया है। सर्वेक्षण उपरान्त संपत्तियों का डाटा निकाय को प्राप्त हो चुका है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन कार्यदिवस एवं समय पर संपत्तिधारकों द्वारा किया जा सकता हैं। अवलोकन पश्चात यदि किसी संपत्तिधारी को सर्वे के संबंध में आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति वैध दस्तावेजों के साथ दिनांक 30.08.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगें।

अध्यक्ष
नगर परिषद डभौरा
जिला रीवा (म.प्र.)

( ज्ञानेन्द्र मिश्रा )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा, जिला रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-23/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2140 रीवा, दिनांक3-06.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _441027 | मनगवाँ जिला रीवा के आई. टी. आई. परिसर में बाउन्ड्रीवाल एवं मौजूदा 06 ट्रेड आई.टी.आई. के नवीनीकरण का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 162.36 | 162360.00 | 12500 | 12 माह | हां |
| 2 | 2025_PWPIU _441030 | नवीन न्यायालय भवन रीवा जिला रीवा में बार बिल्डिंग तथा सर्विस बिल्डिंग में 441030 आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण तथा स्मार्ट मीटर के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 74.50 | 74500.00 | 10000 | 03 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11-08-2025 समय 10:00 से दिनांक 25-08-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री ( भवन )
लोक निर्माण विभाग, रीवा

G-17204/25

# मंडला को सामान्य सीट का दर्जा कब? विधानसभा और लोकसभा में उठी मांग

जागरण, मंडला



जिले में आखिरकार सामान्य वर्ग की ऊपेक्षा कब तक की जाएगी। लगातार पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से नागरिकों में आक्रोश बन रहा है। काफी लंबे समय से मांग की जा रही है कि मंडला लोकसभा व विधानसभा को सामान्य सीट घोषित किया जाए लेकिन शासन प्रशासन और न ही सरकार के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से नागरिकों में नाराजगी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।वही जिले के कुछ प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि मंडला में सामान्य वर्ग सीट आरक्षित करने से इस जिले का रुका हुआ विकास तेजी के साथ पूरा होगा और यह जिला विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से नागरिकों का आक्रोश ज्यादा बढ़ता जा रहा है। नागरिकों की मांग है कि मंडला लोकसभा व विधानसभा को इस बार आवश्यक रूप से सामान्य सीट घोषित किया जाए ताकि सामान्य वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले और उनके द्वारा विकास की गति को आगे बढ़ाया जाए। मंडला जिसे आदिवासी संस्कृति का गहना कहा जाता है, आज भी विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है। और आजादी के बाद से अब तक जो बदला है वह लोगो के सामने है और प्रदेश में नये जिले तहसील जो घोषित हुए है उन्हें देखे और वर्षों पुराना मंडला जिला जिसमे कितना विकसित हुआ ये किसी से छिपा नही है जानता को आज भी मूलभूत सुविधाए नहीं मिल पा रही है सांसद विधायक मंत्री सब अपना अपना देख रहे है इन्हें इस जिले के विकास से कोई सरोकार नहीं है और अब स्थानीय सहित ग्रामीण लोग भी अब समझने लगे है और जिले में रेलवे लाइन से लेकर उद्योग, शिक्षा से लेकर रोज़गार हर मोर्चे पर मंडला सिर्फ वादों के सहारे जिंदा है। लोगों का सवाल सीधा है। क्या इस हालात का एक बड़ा कारण यह नहीं कि सांसद और विधायक सीट को अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रखा गया है, और इस वजह से यहां के प्रतिनिधियों पर राजनीतिक दबाव और प्रतिस्पर्धा उतनी नहीं है, जितनी एक सामान्य सीट पर होती सच्चाई कड़वी है। जब देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, तब मंडला आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा है।अगर यहां के जनप्रतिनिधि वास्तव में जागरूक और दूरदर्शी होते, तो आज जबलपुर से सीधे मंडला, धंसौर से मंडला, और बिलासपुर से डिंडोरी होकर मंडला तक रेलवे लाइन बिछ चुकी होती।लेकिन हुआ उल्टा पद की कुर्सी को निजी विकास का साधन बनाया गया और मंडला को अंधकार में छोड़ दिया गया। जनता अब कह रही है सांसद और विधायक सीट को सामान्य सीट बनाया जाए ताकि इस क्षेत्र में मजबूत राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हो, और जो भी प्रतिनिधि बने, वह मंडला के विकास को अपनी प्राथमिकता बनाए। ये सिर्फ एक मांग नहीं, मंडला की गरिमा और भविष्य का सवाल है।अगर अब भी चुप्पी रही, तो आने वाले वर्षों में हम और पीछे चले जाएंगे, और बाकी दुनिया हमें सिर्फ पिछड़े जिले के नाम से याद करेगी। अब मंडला उठे, बोले, और अपने हक के लिए लड़े क्योंकि चुप्पी अब अपराध है। नागरिकों को आगे आना होगा इस मांग को पूरा करने के लिए दमदारी के साथ प्रयास करना पड़ेगा तब यह मांग पूरी होगी क्या मंडला जिले की नागरिक इस विषय पर आगे आएंगे और अपनी मांग को पूरा करने के लिए शासन प्रशासन से प्रयास करेंगे यह मांग अब अत्यंत जरूरी है। वही इस मांग का पूरा होना भी बेहद जरूरी है शीघ्र इस मांग को शासन प्रशासन द्वारा पूरा किया जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

# चार माह से भुगतान अटका, डिंडौरी में मिड-डे मील योजना पर संकट के बादल

**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार योजना के तहत जिले की सभी शालाओं में छात्रों को दोपहर का भोजन प्रदान किया जा रहा है, लेकिन चार माह से लागत राशि का भुगतान न होने से योजना संकट में है। अप्रैल से अगस्त तक का भुगतान लंबित होने के कारण कई विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद हो गया है, जबकि कुछ जगहों पर योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।स्व सहायता समूह और शाला प्रबंधन समितियां लागत राशि के अभाव में परेशान हैं। योजना के तहत भोजन की लागत राशि का भुगतान जिला पंचायत द्वारा किया जाता है, लेकिन समय पर भुगतान न होने से स्थिति बिगड़ रही है।भारत सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्रों को विशेष मीनू खीर, पुड़ी, हलवा, लड्डू परोसने के निर्देश दिए हैं, मगर बकाया भुगतान न मिलने से इसे लागू करना कठिन हो गया है।



विद्यालय संचालकों का कहना है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो निर्धारित मीनू तो दूर, बच्चों को दाल-चावल भी नसीब नहीं होगा।

सरकार के द्वारा तय मापदंड अनुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहर योजना की लागत राशि का भुगतान प्रतिमाह समय पर होना चाहिए जिससे मध्याह्न भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से चलाया जा सके। माह अप्रैल से लागत राशि का भुगतान नही हुआ है जिससे दुकानों का कर्ज बढ़ गया है।

**रामकुमार गर्ग, शासकीय शिक्षक संगठन जिला अध्यक्ष डिंडौरी**

## अधीक्षण यंत्री ने किया ग्राम बरगवां के नल जल योजना का निरीक्षण

**जागरण, मंडला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल जबलपुर से अधीक्षण यंत्री श्री दिनकर मसूलकर द्वारा ब्लॉक मंडला के ग्राम बरगवां में संचालित नल जल योजना का निरीक्षण किया गया। ग्राम में योजना के अवयव जिसमें ट्यूबवेल, उच्च स्तरीय टंकी, विद्युत कार्य, क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन, एवं ग्रामीणों से शुद्ध पेयजल प्राप्त होने पर चर्चा की एवं हर माह जलकर वसूली के साथ-साथ नियमित रूप से पानी की जांच करने हेतु जानकारी ली गई। साथ ही कार्यपालन यंत्री श्री भास्कर ने ग्रामीणों को नल जल योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु समझाइश दी गई।

# सड़क की समस्या से जूझ रहे लोगों ने किया चक्काजाम

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम सौंरा के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव से छतरपुर आने वाले ट्रांसपोर्ट नगर मार्ग की हालत से तंग आकर नौगांव-छतरपुर मार्ग के डिजिटल कॉलेज तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक ग्रामीण सड़क पर बैठे रहे जिससे सड़क पर दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में थाना प्रभारी की समझाइश पर ग्रामीण शांत हुए और आवागमन सुगम हुआ। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर से सौंरा गांव तक जाने वाला क्षतिग्रस्त हो गया और बारिश के कारण आने-जाने में परेशानी हो रही है। लंबे समय से वे जिम्मेदारों को अपनी परेशानी बताते आ रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सौंरा पंचायत से मांग करने पर कहा जाता है कि सड़क का क्षेत्र छतरपुर नगर पालिका का है इसलिए सड़क नगर पालिका बनवाएगी, जबकि छतरपुर नगर पालिका इसे पंचायत की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रही है। करीब एक घंटे तक अपनी मांग को लेकर ग्रामीण सड़क पर डेरा जमाए रहे, इस दौरान सड़क पर वाहनों को आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध रहा। हंगामे की खबर मिलते ही ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव मौके पर पहुंचे और उनकी समझाइश के बाद हालात सामन्य हुए।

# बलराम जयंती पर मुख्यमंत्री आएंगे मंडला

## मंत्री श्रीमती उइके ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**जागरण, मंडला।** बलराम जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आरडी कॉलेज मंडला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने लिया। कार्यक्रम स्थल पर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने दी। मंत्री श्रीमती उइके ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही विभिन्न तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा माल्यार्पण स्थल, प्रदर्शनी, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, पंडाल, ग्रीनरूम, सुरक्षा व्यवस्था, बेरीकेटिंग, हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्व हो जाए। मंत्री श्रीमती उइके ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए जिले के सभी कृषकों से हलधर महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक यंत्रों, तकनीकी मार्गदर्शन, प्राकृतिक खेती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करने का अच्छा अवसर है। किसान भाईयों को ऐसे अवसर का लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# युवा अपनी शक्ति को पहचानें और आत्मनिर्माण पर दें ध्यान : प्रो. ममता बाजपेयी

**जागरण, छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की समाजशास्त्र अध्ययन शाला एवं शोध केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के संरक्षण एवं समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष और वरिष्ठतम आचार्य प्रो. ममता वाजपेयी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा तृषा शिवहरे ने अपने प्रभावशाली भाषण में कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नसों में प्रवाहित ऊर्जा हैं। हमें पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक सोच के संतुलन को अपनाना चाहिए। लक्ष्मी द्विवेदी (बीए तृतीय) ने भी राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अन्य प्रतिभागियों जैसे यश अग्रवाल और काजल साहू ने युवाओं को मार्गदर्शक बनने की प्रेरणा दी और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रो. ममता बाजपेयी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हमें सदैव अपना दृष्टिकोण व्यापक और सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। सही कार्य करने से कभी न डरें। युवा यदि अपनी शक्ति और महत्व को पहचान लें, तो वे अपने जीवन को स्वयं गढ़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों को आत्मविकास का मंच मिलता है और वे अपने विचारों को समाज के समक्ष रखने का अवसर प्राप्त करते हैं।

**आम सूचना**

दैनिक जागरण, भोपाल, रीवा हेतु मंडला, डिंडौरी में विज्ञापन प्रकाशित करवाने हेतु अभिषेक पाण्डेय से संपर्क करें। जिनका मो.न. 9630707743 है। इसके अलावा कोई दूसरा विज्ञापन छपवाता है तो सम्पूर्ण जबावदारी स्वयं विज्ञापन दाता की होगी। समस्त विज्ञापन दाता सूचित हो।

**महाप्रबंधक**
**दैनिक जागरण**
**भोपाल-रीवा**
**मो.न. 9425018958**

# खुली धमकी देकर दर्ज कराया झूठा मामला

**जागरण, छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपने भाई के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि गांव में अवैध शराब का कारोबार करने वाले का जब उन्होंने विरोध किया तो पहले उन्हें धमकाया गया और इसके बाद उसके भाई को आबकारी एक्ट के झूठे मामले में फंसाया दिया गया। पीड़ित ने मंगलवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पथरगुवां निवासी हरिशंकर शिवहरे ने बताया कि राजनगर पुलिस ने उनके भाई के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है जो कि फर्जी है। हरिशंकर के मुताबिक गत 5 अगस्त को गांव के गुड्डा शिवहरे ने उन्हें धमकी दी थी कि वह उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करवाएगा जिसका ऑडियो भी उसके पास है। इसके बाद 10 अगस्त को गुड्डा शिवहरे के कहने पर पुलिस ने मामला दर्ज भी कर दिया है। पीड़ित का कहना है कि प्रकरण में जिस रात का उल्लेख किया गया है, उस दिन उनका भाई घर पर था, फिर भी पुलिस ने उसे आरोपी बना दिया। हरिशंकर ने यह भी बताया कि चूंकि उसके भाई ने गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री का विरोध किया था, इसलिए गुड्डा शिवहरे ने बदले की भावना से यह फर्जी कार्रवाई करवाई है। हरिशंकर के मुताबिक पूर्व में भी अवैध शराब के खिलाफ कलेक्टर, आबकारी विभाग और खजुराहो एसडीओपी को कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हरिशंकर ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पिकअप चालक की मौत

**छतरपुर।** एक पिकअप चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला मंगलवार को सामने आया है। बताया गया है कि मृतक का सोमवार की शाम को जिले के मातगुवां कस्बे में एक गुमटी संचालक से विवाद हुआ, जिसमें मारपीट भी हुई थी। इसके कुछ देर बाद उसके सीने में तेज दर्द उठा और अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का दावा है कि गुमटी संचालक द्वारा मारपीट किए जाने के कारण मौत हुई और यह हत्या का मामला है, जबकि पुलिस का कहना है कि मृतक ने मौत से पहले ब्लड प्रेशर की दवा का सेवन किया था जिस कारण से मौत के कारण स्पष्ट नहीं है।

**यह है मामला :** छतरपुर के सटई रोड पर स्थित श्रीराम कॉलोनी निवासी प्रमोद राठौर ने बताया कि उसका 20 वर्षीय भाई विनोद राठौर पिकअप चलाता था। सोमवार को वह छतरपुर से खंडवा जाने के लिए अपने सहयोगी अंशुल राठौर के साथ रवाना हुआ था। मातगुवां में सड़क किनारे मौजूद गुमटी पर वह रुक रहा था तभी गुमटी को पिकअप की टक्कर लग गई। इसी बात को लेकर गुमटी संचालक और विनोद के बीच कहा-सुनी हुई, जिसके बाद तैश में आकर गुमटी संचालक ने विनोद को लोहे की रॉड से पीट दिया। विवाद शांत होने के बाद विनोद पिकअप लेकर छतरपुर की ओर आ रहा था तभी ग्राम चौका के पास अचानक उसके सीने में तेज दर्द उठा। विनोद का साथी अंशुल उसे पिकअप से जिला अस्पताल लेकर आया लेकिन तब तक विनोद की मौत हो चुकी थी। अंशुल ने विनोद के परिजनों को भी सूचना दी, जिसके बाद वे भी जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद विनोद को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद का आरोप है कि मातगुवां में गुमटी संचालक द्वारा की गई मारपीट के कारण ही विनोद की मौत हुई है।

**कार्यालय नगर परिषद भैरुंदा, जिला-सीहोर**

क्र./2025/ई-निविदा/4492 भैरुंदा, 07/08/2025

// ई - निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 444275_1 | वार्ड क्र. 06 एवं 09 मे बकरी पुल से जुबेर की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1. 01 माह 2. 9,83,940/- | 1. 2000/- 2. 9850/- | 27.08.2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 444276_1 | वार्ड क्र. 07 में पुरानी बैंक ऑफ इंडिया के सामने से पीताम्बरा मंदिर रोड निर्माण कार्य। | 1. 01 माह 2. 12,34,117/- | 1. 2000/- 2. 9260/- | 13.09.2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 444473_1 | वार्ड क्र. 07 में मिलन गार्डन वाली गली मे इन्दौर रोड से श्री जगदीश पंवार के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1. 02 माह 2. 3,78,262/- | 1. 2000/- 2. 3800/- | 27.08.2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 444279_1 | वार्ड क्र.11 में चान्दाग्रहण स्वागत द्वार से बड़े नाले तक नाला निर्माण कार्य। | 1. 04 माह 2. 20,41,156/- | 1. 2000/- 2. 15350/- | 13.09.2025 |
| 5 | 2025_UAD_ 444281_1 | वार्ड क्र. 12 की समस्त नालियों का रिपेयरिंग कार्य एवं नालियों पर प्री-कास्ट आर.सी.सी. ढक्कन निर्माण कार्य। | 1. 02 माह 2. 7,71,214/- | 1. 2000/- 2. 7750/- | 27.08.2025 |
| 6 | 2025_UAD_ 444282_1 | वार्ड क्र. 14 में नारायण सिटी कालोनी के गेट के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 1. 01 माह 2. 2,81,030/- | 1. 2000/- 2. 2850/- | 27.08.2025 |
| 7 | 2025_UAD_ 444283_1 | वार्ड क्र. 15 में भोपाल रोड पर स्वागत द्वार के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 1. 01 माह 2. 6,91,835/- | 1. 2000/- 2. 6950/- | 27.08.2025 |
| 8 | 2025_UAD_ 444284_1 | वार्ड क्र. 15 में अटल उद्यान से श्री पगारे जी के मकान को जोड़ते हुऐ श्री भगवान अग्रवाल के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1. 01 माह 2.2,00,1355/- | 1. 2000/- 2. 2050/- | 27.08.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अव्यवहारिक निविदाओं में अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी संशोधित आदेश क्रमांक 237/2024/18-2 दिनांक 06.09.2024 अनुसार जमा कराना अनिवार्य होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद भैरुंदा**
**जिला-सीहोर (म.प्र.)**

# एक लाख की संपत्ति का 500 रुपए मिल रहा मुआवजा, ग्रामीणों ने सुनाई अपनी फरियाद

## एनएचएआई की मनमानी से परेशान ग्रामीण

**जागरण, छतरपुर।** जिले के मातगुवां और खैरौं गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) द्वारा दी जा रही मुआवजा राशि को मजाक बताते हुए जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री से उचित मुआवजे की मांग की है। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी जमीन और संपत्ति के लिए मिल रहे कम मुआवजे और प्रशासन की टालमटोल नीति पर गुस्सा जाहिर किया, साथ ही जबरन संपत्ति छीनने और धमकियों का आरोप लगाया। मातगुवां निवासी जगदीश मिश्रा ने बताया कि एनएचआई द्वारा उनकी जमीन और संपत्ति के लिए बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक लाख रुपये की संपत्ति के लिए मात्र 500 रुपये का मुआवजा देकर खिलवाड़ किया जा रहा है। जब वे कलेक्टर या एसडीएम से शिकायत करते हैं, तो उन्हें एनएचआई के पास भेजा जाता है, और एनएचआई वाले जिला प्रशासन की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी संपत्ति जबरन छीनी जा रही है और विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी दी जाती है। जगदीश ने कलेक्टर और मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए, क्योंकि कम मुआवजे से उनका बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग किसान हैं और उनके पास वैकल्पिक आजीविका का कोई साधन नहीं है। इस मामले में छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन लेकर जांच की जा रही है, जल्द ही उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।



## विधायक अरविंद पटेरिया के तत्वाधान में बाइक रैली के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा



**लवकुश नगर।** विधायक अरविंद पटेरिया ने विधानसभा क्षेत्र लवकुश नगर में आज बाइक रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप हर घर तिरंगा यात्रा के तहत 13 अगस्त दिन बुधवार की शाम बाइक रैली निकाली, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर जोश के साथ भारत माता के जयकारे लगाते हुए चंदला रोड़ सिंचाई कॉलोनी यात्रा प्रारंभ की, तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए महोबा रोड जेल तिराहा से होते हुए छतरपुर रोड नई तहसील में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, बीजेपी युवा मोर्चा, बीजेपी किसान मोर्चा, बीजेपी महिला मोर्चा, बीजेपी पिछड़ा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता नगर के गणमान्य नागरिक तिरंगा यात्रा में सामिल रहे।

**कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट, जिला-सतना (म0प्र0)**

E-mail – cmochitrakoot@mpurban.gov.in Phone:- 07670-265329, Fax – 07670-265677

क्रमांक / E-Tender / स्वच्छता शा0 / 2318 / 2025 चित्रकूट दिनांक 11/07/2025

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद चित्रकूट द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | न्यूतम मासिक किराया | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 442511_1 | नगर परिषद चित्रकूट क्षेत्रांर्गत सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के संचालन एवं संधारण का कार्य वर्ष 2025-26 | 19500.00 | 3510 | 1000 | 9 माह |

शर्ते :-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर की दिया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 06/08/2025 को 10:30 बजे से 21/08/2025 में 17:30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं।
3. निविदा समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होगी।
4. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें।
5. शौचालय की समुचित साफ सफाई एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के नियमानुसार वांछित व्यवस्था करेंगे जिसके संबंध में कार्यालय के सभी निर्देशों का पालन करेंगे।
6. विद्युत, पानी का बिल देयक स्वयं से देय होगा साथ ही समस्त स्वच्छता सामग्री स्वयं से क्रय की जानी होगी।
7. स्नान हेतु 10 रू, शौंच क्रिया हेतु 10 रू. एवं मूत्रालय निशुल्क रहेगा एवं खुलने का समय सुबह 04 बजे से रात 10 बजे तक व मेला अवधि में 24 घण्टे संचालित किया जाना होगा।
8. शौंचालय का मासिक किराया प्रत्येक माह के 10 तारिख से पहले कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट, सतना (म.प्र.)

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# गैरजिम्मेदार और चिंता बढ़ाने वाले हैं मुनीर के इरादे

> पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के परमाणु युद्ध की धमकी से चिंता बढ़ गई है। असीम मुनीर ने अमेरिका में यह बयान दिया। पाकिस्तान में फैसले सेना प्रमुख के होते हैं। ऐसे में मुनीर के बयान को पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह देखा जाना चाहिए।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उस पर निगरानी बढ़ाए जाने की जरूरत है। मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। पहली बार किसी ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह भी पहली बार है, जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के होते हैं। ऐसे में मुनीर के बयान को पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह देखा जाना चाहिए। भारत ने 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा और यही फिक्र की बात है। मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की कोशिशों के खिलाफ है। यह विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। यह आम बात नहीं है कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दो देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है। ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है। बहरहाल मुनीर की इस धमकी पर भारत की प्रतिक्रिया वही रहनी चाहिए जो सबसे प्रभावी रही है- रणनीतिक परिपक्वता। परिपक्वता का अर्थ है लाल रेखाओं को स्पष्टता से व्यक्त करना कि उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बताने की आवश्यकता न हो, जरूरत पड़ने पर बिना किसी दिखावे के उन्हें लागू करना, और इस होड़ में न पड़ना कि किसकी धमकियाँ ज़्यादा ख़तरनाक लगती हैं। भारत को उस भ्रम को कभी हवा नहीं देनी चाहिए, जो नाजुक है, और यहीं भारत की असली प्रभुता निहित है। वाशिंगटन के सामने पाकिस्तान दशकों से खुद को भारत के बराबर प्रस्तुत करता आया है, जो एक स्थायी प्रतिद्वंद्विता से ज्यादा कुछ नहीं है। सभी जानते हैं कि सच्चाई अलग है। दोनों देशों के बीच विषमता की एक चौड़ी खाई है- आर्थिक उत्पादन में, कूटनीतिक पहुँच में, तकनीकी क्षमता में, यानी तकरीबन हर क्षेत्र में। पाकिस्तान इस अंतर को न तो नारों से पाट सकता है, न ही मिसाइलों की धमकियों से। लिहाजा मुनीर के बयान का इस्तेमाल पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए करना चाहिए।

# भारत की कूटनीति को दिखावे की नहीं, ठोस नीतियों की जरूरत

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति

**आर जगन्नाथन**



> हमें एक और हेनरी किसिंजर की आवश्यकता नहीं है लेकिन हमें उन युद्धों पर सिर्फ बयानबाजी से आगे बढ़ना होगा जो दुनिया की शांति के लिए खतरा बन रहे हैं। हमें दिखावे से आगे बढ़कर कुछ ठोस करना होगा। ऐसा कूटनीति और सक्रिय कदम दोनों के रूप में करना होगा। स्वदेशी आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करके विदेशी सैन्य आपूर्ति पर निर्भरता कम करना सबसे प्रमुख बात है। हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि क्या अब तक हमारी कूटनीति सक्रियता के बजाय प्रतिक्रिया देने की रही है।

भारत एक ऐसा देश है जो जल्दी ही जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और शायद इस दशक के अंत तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। परंतु कूटनीति के मामले में हम अपनी क्षमता से कमतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी को जहां दुनिया के उभरते नेता के रूप में देखा जा रहा है वहीं उन्हें सक्रिय कूटनीति के माध्यम से कुछ और हासिल करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। वैश्विक नेताओं के साथ नजर आने वाले व्यक्तिगत रिश्ते देश को स्पष्ट लाभ दिलाने वाली कड़ी कूटनीति को अपनाने के लिए पर्याप्त आधार नहीं मुहैया कराते हैं। हमने यह हाल ही में देखा जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से करीबी रिश्तों के बावजूद उन्होंने भारत को शर्मिंदा कर दिया। उनका दावा है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की और चेतावनी दी कि रूस के साथ हमारे रिश्तों के चलते वह हम पर जुर्माना भी लगा सकते हैं। इससे पहले मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का गुजरात और तमिलनाडु में व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया था लेकिन इसके बाद हमें गलवान में झड़प और भारत-चीन सीमा पर सैनिकों के जमावड़े जैसे हालात का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने भारतीय हवाई तथा अन्य परिसंपत्तियों पर निशाना साधने में पाकिस्तान की पूरी मदद की। उसने पाकिस्तान को हथियारों के साथ खुफिया सहायता भी मुहैया कराई। यह सोचकर आश्चर्य होता है कि क्या आज की दुनिया के दो बड़े नेताओं को खिलाने-पिलाने की मोदी की कोशिशों को दोस्ती का हाथ बढ़ाने के बजाय कमजोरी की निशानी समझा गया। उनका गले लगने का खास अंदाज भारत के लोगों को भले ही पसंद आया हो लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि दुनिया के नेताओं ने इसे किस तरह लिया? हमें दिखावे से आगे बढ़कर कुछ ठोस करना होगा। ऐसा कूटनीति और सक्रिय कदम दोनों के रूप में करना होगा। स्वदेशी आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करके विदेशी सैन्य आपूर्ति पर निर्भरता कम करना सबसे प्रमुख बात है। हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि क्या अब तक हमारी कूटनीति सक्रियता के बजाय प्रतिक्रिया देने की रही है। हम जंगों और अपने आसपास के हालात पर केवल बयानबाजी नहीं कर सकते। हमें कुछ करना होगा और खतरों को कम करना होगा। न केवल अपने लिए बल्कि दुनिया के लिए भी। हमारी कूटनीति को सक्रिय होना होगा भले ही परदे के पीछे से ऐसा हो। हमारे ऊपर यह दबाव बन रहा है कि हम रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंध कम करें। पश्चिम एशिया की बात करें तो गाजा में अपने कदमों की बदौलत पश्चिमी जनमत इजरायल के विरुद्ध होता जा रहा है। फ्रांस और यूरोपीय संघ के कुछ देशों ने फिलीस्तीन को मान्यता दे दी है और ब्रिटेन भी ऐसा कर सकता है। भारत पर भी दबाव होगा कि वह फिलीस्तीन को लेकर कुछ करे। इजरायल के साथ करीबी रिश्ते बनाए रखना मुश्किल होगा। खासतौर पर अगर घरेलू मुस्लिम समुदाय विपक्षी दलों के जरिये दबाव बनाते हैं तब। अमेरिका शायद इजरायल के साथ खड़ा रहेगा लेकिन यूरोप और अमेरिका में घरेलू जनमत (खासकर वाम रुझान वालों का) तेजी से इजरायल के विरुद्ध हो रहा है। यूरोप और अमेरिका का अधिकांश हिस्सा प्रमुख शक्ति के रूप में रूस के पराभव से संतुष्ट ही होगा। अपने पड़ोस की बात करें तो हम पहले ही पाकिस्तान और चीन के बीच फंसे हुए हैं। जल्दी ही बांग्लादेश भी संभावित शत्रु ताकतों में शामिल हो जाएगा। यह तथ्य है कि भारत बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने में कामयाब नहीं रहा है। न ही हम घुसपैठियों को रोक सके हैं। मोदी का एक बयान समय के साथ-साथ पुराना पड़ता गया है। यूक्रेन-युद्ध संघर्ष के दौर में उन्होंने कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। परंतु इसके तुरंत बाद पश्चिम एशिया में एक जंग छिड़ गई जो आज भी जारी है। हमें पाकिस्तान के साथ हाल ही में एक छोटी सी जंग लड़नी पड़ी। दक्षिण पूर्व एशिया में भी हाल ही में दो आसियान देश कंबोडिया और थाईलैंड एक सीमा संघर्ष से दो-चार हुए। युद्ध कोई नहीं चाहता है लेकिन यह शांति का समय भी नहीं है। इसलिए क्योंकि हर देश अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में लगा हुआ है। हमारे अपने रक्षा निर्यात में उछाल आई है जो दिखाता है कि युद्ध की आहट हर जगह महसूस की जा रही है। भारत को जंग खत्म करने के लिए अभी काफी कुछ करना होगा। साथ ही उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे सामरिक हितों का भी बचाव हो। रूस का पराभव हमारे हित में नहीं है। वैसा होने पर वह चीन के पाले में जाएगा और हमारे रणनीतिक हित प्रभावित होंगे। हमें यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में सक्रिय हिस्सेदारी करनी होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल (कुछ अन्य जो गुमनाम रह सकते हैं) को युद्ध समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा करनी चाहिए। यह तब तक नहीं हो सकता है जब तक कि यूरोपीय संघ और रूस इस बात पर सहमत नहीं होते कि भविष्य में यूक्रेन किस तरह बंटेगा या उसका शासन किस तरह होगा? रूस एक यूरोपीय शक्ति है, और यूरोप को इसे हमेशा के लिए दुश्मन मानने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। खासकर तब जब रूस दुनिया में ऊर्जा और महत्त्वपूर्ण खनिजों का एक बड़ा स्रोत है। हमें यह सवाल उठाना चाहिए कि क्या यूक्रेन को एक तटस्थ, गैर-ईयू/गैर-नाटो राज्य बना दिया जाना चाहिए जैसे फिनलैंड शीत युद्ध के दौरान था। क्या कूटनीतिक समाधान के रूप में रूस को डोनबास क्षेत्र में, जिसे उसने पहले ही अधिग्रहीत कर लिया है, अपने सैनिक रखने की अनुमति दी जा सकती है? भारत को केवल रक्षा क्षमताओं के परे देखने की जरूरत है। उसे नए कूटनीतिक रिश्ते कायम करने चाहिए। भारत, रूस और जर्मनी (अप्रत्यक्ष रूप से यूरोपीय संघ) के बीच तनाव कम करने में भूमिका निभा सकता है। इससे रूस को चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। अगर 1970 के दशक में पाकिस्तान, अमेरिका और चीन के बीच मेलमिलाप की वजह बन सकता था तो भारत यूरोप और रूस के बीच यह भूमिका क्यों नहीं निभा सकता? आज जर्मनी और जापान का नेतृत्व हिटलर या हिदेकी तोजो जैसे नेताओं के हाथ में नहीं है। अगर देखा जाए तो आज बुराई की संभावित धुरी का नेतृत्व चीन के शी चिनफिंग, ईरान के आयतुल्लाह, पाकिस्तान के सैन्य जनरल और तुर्की के रेचेप तैयप एर्दोआन कर रहे हैं, जो अगली इस्लामी खिलाफत का नेतृत्व करने का सपना देख रहे हैं। विश्व शांति के लिए खतरे आमतौर पर उन शक्तियों से आते हैं जो वर्तमान व्यवस्था में बड़े बदलाव चाहती हैं, और इसमें भारत, इंडोनेशिया, ब्राजील या दक्षिण अफ्रीका जैसे उभरते राष्ट्र शामिल नहीं हैं। इन देशों की कोई अत्यधिक क्षेत्रीय महत्त्वाकांक्षा नहीं है, न ही हथियाने वाली मानसिकता है। भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति को निष्क्रिय से सक्रिय बनाना होगा ताकि वह एक नया शक्ति संतुलन स्थापित कर सके और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा कर सके।

# रजिस्टर्ड डाक : खामोशी से इतिहास बन रहा एक युग

भारतीय डाक विभाग

**डॉ. प्रियंका सौरभ**




> भारतीय डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से 01 सितंबर को समाप्त की जा रही है। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है- उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरुआत की। सदियों से कोई सरकारी पत्र हो, मनीऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार- सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता रहा है।

इस साल 01 सितंबर को जब भारतीय डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है- उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरुआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की। रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज़ पर स्याही से अपने जज़्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफ़ाफ़े में कई अनकही बातें, लंबा इंतज़ार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज़, केवल कागज़ का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था- कि यह ज़रूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को दूर शहर में नौकरी कर रहे बेटे से, पिता को ससुराल गई बेटियों से और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। कोई सरकारी पत्र हो, मनीऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार- सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता था। लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीक़ों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फ़ोन, त्वरित संदेश सेवाएँ, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतज़ार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है। इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है। परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी – अब इतिहास बन जाएगी। रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है। वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएँ नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुँचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है – कि उसने शब्दों को अमर बना दिया। इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा। यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था। जिसने माँ के आँचल से बेटे तक, प्रेमिका की आँखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक – सबको जोड़ रखा था। अब स्पीड डाक आएगी – तेज़, सुविधाजनक, आधुनिक। परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी। आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं। संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती।

रजिस्टर्ड डाक केवल चिट्ठी नहीं थी, वह आत्मा का दस्तावेज़ थी। अब जब वह विदा ले रही है, तो यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है – यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक पृष्ठ बंद होना है।

रजिस्टर्ड डाक, तुमने केवल पत्र नहीं पहुँचाए, तुमने रिश्ते पहुँचाए। तुमने हमें जोड़ना सिखाया- शब्दों से, भावनाओं से, प्रतीक्षा से और विश्वास से। तुम भले अब औपचारिक रूप से बंद हो जाओ, परंतु हमारी यादों में, हमारे पुराने संदूक़ों में, हमारे दिलों में तुम सदा जीवित रहोगी।

आज जब हम तुम्हें विदाई दे रहे हैं, तो यह विदाई नहीं, एक प्रणाम है- उस युग को, उस सादगी को, उस धैर्य को, उस अपनापन को, जिसे तुमने वर्षों तक अपने कंधों पर ढोया। अब भले ही डाकघर बदल जाएँ, डाकिए डिजिटल हो जाएँ, पत्र इतिहास बन जाएँ परंतु तुम, रजिस्टर्ड डाक, हमारे लिए सदा अमर रहोगी।

प्रसंगवश

# किशोर संबंधों के कानूनों को यथार्थवादी बनाने की जरूरत



> कोई भी कानून कठोर नहीं होना चाहिए और यह आज के समय की मांग है कि कानूनों को समय के साथ बदलना चाहिए। कानून में नरमी लाने की ज़रूरत है, सहमति से शारीरिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाना चाहिए।

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 पर सर्वोच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई का मुख्य मुद्दा यौन संबंधों के लिए सहमति की आयु का प्रश्न है। किशोरों के व्यवहार की वर्तमान वास्तविकताओं, सामाजिक परिवर्तन और मौजूदा कानून के परिणामों को देखते हुए, सहमति की आयु को वर्तमान 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने का एक मज़बूत पक्ष रखा गया है। यह कानून किसी भी परिस्थिति में 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के बीच यौन संबंधों को अपराध मानता है। इस अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण से बचाना और बाल तस्करी जैसे अपराधों को रोकना है। लेकिन इस कानून का उपयोग बच्चों पर माता-पिता और सामाजिक नियंत्रण, उनके प्राकृतिक विकास को बाधित करने और इसके लिए उन्हें दंडित करने के लिए भी किया जाता है। सुनवाई के दौरान, केंद्र सरकार ने किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंधों के लिए उम्र कम करने और किसी भी तरह की छूट देने का विरोध किया क्योंकि इससे पॉक्सो अधिनियम में निहित 'भेद्यता की वैधानिक धारणा' कमज़ोर हो जाएगी। सरकार ने कहा कि किसी भी तरह की छूट से तस्करी और बाल शोषण के अन्य रूपों का खतरा बढ़ जाएगा। सरकार ने स्त्री-पुरुष और पारिवारिक संबंधों पर अपनी सामाजिक रूप से रूढ़िवादी सोच के अनुरूप एक कठोर पितृसत्तात्मक रुख अपनाया है। अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमित्र, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने अदालत से कहा है कि किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंधों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने अदालत से कानून में उम्र के अंतर को शामिल करने का आग्रह किया है। विधि आयोग ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि कानून में कुछ बदलावों की आवश्यकता है, हालाँकि उसने सहमति की उम्र कम करने की सिफ़ारिश नहीं की है। हमें यह मान लेना चाहिए कि यह समय की मांग है कि कोई भी कानून कठोर नहीं होना चाहिए और कानूनों को समय के साथ बदलना चाहिए। किशोर अब पहले की तुलना में जल्दी यौवन प्राप्त कर लेते हैं और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाते हैं। उनकी स्वतंत्रता और प्राकृतिक विकास पर अंकुश लगाना गलत है। लेकिन ऐसे संबंधों के कारण आपराधिक मुकदमा चलाया जाता है, जिसमें लड़कों को जेल और लड़कियों को आश्रय गृहों में भेज दिया जाता है। कानून के अनुसार, लड़के और लड़की के बीच चुंबन के लिए लड़के को 10 साल की जेल हो सकती है। आमतौर पर जब लड़का और लड़की भाग जाते हैं, तो लड़कियों के माता-पिता शिकायत दर्ज कराते हैं। कानून में नरमी लाने की ज़रूरत है—सहमति से शारीरिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाना चाहिए। 2022 में, कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने ज़मीनी हक़ीक़तों को देखते हुए मानदंडों की समीक्षा की मांग की थी। न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा आयोग की रिपोर्ट, जिसके कारण पॉक्सो अधिनियम में बदलाव हुए, ने सहमति की उम्र कम करने का समर्थन किया था। कई देशों में सहमति की कानूनी उम्र 16 साल या उससे कम है। कानून को और अधिक मानवीय और यथार्थवादी बनाने की ज़रूरत है।

॥गीता॥



**श्लोक**

**अन्नाद्भवन्ति भूतानि र्जन्यादन्नसम्भवः।**
**यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥कर्म**
**ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम।**
**तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म नित्यं**
**यज्ञे प्रतिष्ठितम॥**

**भावार्थ**

सम्पूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है, वृष्टि यज्ञ से होती है और यज्ञ विहित कर्मों से उत्पन्न होने वाला है। इससे सिद्ध होता है कि सर्वव्यापी परम अक्षर परमात्मा सदा ही यज्ञ में प्रतिष्ठित है।

जीवन दर्शन

# कमजोर आभामंडल लाता है असफलता



आभामंडल व्यक्ति के चारों और मौजूद वो ऊर्जा क्षेत्र है जो एक कवच की तरह काम करता है और आपके मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की सुरक्षा करता है। इसके कमजोर होने पर नकारात्मक शक्तियां हावी होने लगती हैं। इसलिए इसे मजबूत रखना आवश्यक है। आभामंडल (ऑरा) एक अदृश्य ऊर्जा क्षेत्र है, जो मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की सुरक्षा करता है। कमजोर आभामंडल के लक्षणों में लगातार सिरदर्द, अनावश्यक चिंता, नींद की कमी और आत्मविश्वास की कमी शामिल हैं। मंत्र, यंत्र और ध्यान के माध्यम से आभामंडल को शुद्ध और मजबूत किया जा सकता है। सकारात्मक सोच और आचरण, जैसे दूसरों के लिए अच्छा सोचना, आभामंडल को स्वतः शक्तिशाली बनाता है।

अध्यात्म के अनुसार, आभामंडल एक ऐसा अदृश्य ऊर्जा क्षेत्र होता है, जो हमें नकारात्मक ऊर्जा से बचाने में मदद करता है। यह केवल ऊर्जा का घेरा नहीं, बल्कि एक कवच है, जो हमारे समग्र स्वास्थ्य की सुरक्षा करता है। अगर आभामंडल कमजोर हो जाए, तो किसी नकारात्मक ऊर्जा से बचाव करना या खुद के मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक या आध्यात्मिक स्वास्थ्य को ठीक रखना मुश्किल हो जाता है। अध्यात्म के जानकार योग भूषण महाराज के अनुसार, जब आपका ऑरा स्वच्छ और संतुलित होता है, तब आप मानसिक रूप से स्थिर होते हैं, नकारात्मक ऊर्जा से सुरक्षित रहते हैं, बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ जाती है, आत्मबल और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। ऑरा के मजबूत रहने पर आप भावनात्मक रूप से स्थिर रहते हैं और चिंता, क्रोध और मानसिक थकावट से आपका बचाव होता है। परंतु जैसे ही यह प्रदूषित होता है, आपको थकान, चिंता, डर, अवसाद और बार-बार अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। मजबूत ऑरा आत्मविश्वास बढ़ाता है और लोगों को आपकी ओर आकर्षित करता है।

कमजोर ऑरा के कारण थकावट या सुस्ती, भीड़ में भी अकेलापन महसूस करना, अचानक रोने का मन करना, ऊर्जा की कमी महसूस होना, आत्मविश्वास की कमी, निर्णय लेने में कठिनाई, बार-बार बीमार पड़ना और दवाओं का असर न होना, नकारात्मक सोच और व्यवहार इत्यादि सामने आने लगता है।

ऐसे में आपका सकारात्मक सोच और आचरण भी आभा को मजबूत बनाता है। जब आप दूसरों के लिए अच्छा सोचते हैं, झूठ, छल, क्रोध से दूर रहते हैं, तो ऑरा स्वयं ही शक्तिशाली हो जाता है। ध्वनि चिकित्सा में सिंगिंग बाउल, विंड चाइम या मंत्रों की ध्वनि ऑरा को संतुलित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### रविंद्र यति ने अटल भवन पर लगाया तिरंगा

**विसं भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन पर भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिरंगा लगाया। यति ने बताया कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का पावन कर्तव्य है। यति ने आह्वान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा शान से लगाए। इसके साथ ही देशभक्ति के गीत गानों के बीच विशाल तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली जाए। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, भाषित दीक्षित सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नर्मदा में कूदे दंपत्ति में से पत्नी का शव मिला, सर्चिंग जारी



**जागरण, बड़वानी।** छोटी कसरावद पुल से नर्मदा नदी में कूदने वाले दंपती में से एसडीईआरएफ ने मंगलवार सुबह पत्नी का शव बरामद कर लिया। टीम पति की तलाश कर रही है। दंपत्ति ने बीती रात 2 माह के बच्चे को पुल पर छोड़कर नदी में छलांग लगाई थी। इनकी पहचान नीलेश बडोले (22) और जागृति बडोले के रूप में हुई है। ये राजपुर तहसील के बोदरा के रहने वाले थे। नीलेश की बहन ममता चौहान ने बताया कि दोनों की शादी दो साल पहले हुई थी। दोपहर दोनों घर से मजदूरी के लिए गुजरात के सूरत जाने निकले थे। ममता चौहान ने बताया कि नीलेश परिवार में इकलौता बेटा था। मंगलवार को हमें सूचना मिली कि दोनों ने कसरावद पुल से छलांग लगा दी है। हम जिला अस्पताल पहुंचे हैं। बच्चे को देखने मामा और परिवार के अन्य सदस्य धार जिले के नसीरपुर गए हैं। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी नहीं है।

#### पैदल पुल पर पहुंचे फिर लगाई छलांग

कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बड़वानी भेजा गया है। स्थानीय निवासी लक्ष्मण बघेल के मुताबिक, दंपती पैदल ही धार-बड़वानी को जोड़ने वाले पुल पर पहुंचे। काफी देर तक वहां खड़े रहे। फिर बच्चे को नीचे रखकर नदी में कूद गए। लोगों ने उन्हें बचाने लाइफ रिंग फेंकी। कुछ देर तक दोनों नदी में हाथ-पैर मारते दिखे। इसके बाद गायब हो गए।

### जंगली हाथी ने घरों के छप्पर तोड़े, टीम ने खदेड़ा

**जागरण, उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र से होकर एक जंगली हाथी बमेरा गांव पहुंच गया। देर रात हाथी ने गांव में दो मकानों के छप्पर तोड़ दिए। प्रभावित मकान नंदलाल प्रजापति और विश्राम बैगा के हैं। दरअसल, सोन नदी में अधिक पानी होने के कारण हाथी नदी पार नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए वे एक ही क्षेत्र में घूम रहे हैं। हाथी को देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाया और टीन बजाने लगे। मकान मालिकों ने तुरंत घर खाली कर सुरक्षित स्थान की ओर पलायन किया। सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व की टीम और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचे। टीम ने ग्रामीणों की मदद से हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ ने बताया कि प्रबंधन ने हाथियों की निगरानी के लिए विशेष दल गठित किया है। टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

---

**नीट काउंसलिंग: डीएमई ने जारी की रिवाइज मैरिट लिस्ट, पहले के मुकाबले बढ़ गए उम्मीदवार**

# ओबीसी में ज्यादा कॉम्पटीशन, एमबीबीएस की 490 सीटों के लिए 4289 उम्मीदवार

**शफीक खान, भोपाल।** नीट स्टेट लेवल काउंसलिंग में रिवाइज मैरिट लिस्ट जारी की गई है। यह सूची संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र ने जारी की है। इस सूची के मुताबिक स्टेट लेवल काउंसलिंग में कुल 15,897 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके पहले जो सूची जारी की गई थी। उसमें अभ्यर्थियों की संख्या 15129 थी। यानि रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से खोले गए पोर्टल पर 768 उम्मीदवार बढ़ गए। मैरिट सूची में सबसे ज्यादा उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में रजिस्टर्ड हुए हैं। इनकी कुल संख्या 4289 है, जबकि इस श्रेणी के लिए रिजर्व एमबीबीएस सीटों की संख्या महज 490 है। यानि के एक सीट के लिए 8 से ज्यादा उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहेगा। आपको बता दें कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में ओबीसी श्रेणी के लिए 14 फीसदी सीटें रिजर्व हैं।

**ओबीसी के लिए कहां कितनी सीटें :** मप्र में 17 सरकारी और 12 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सरकारी कॉलेजों में ओबीसी के लिए कुल 255 सीटें और निजी मेडिकल कॉलेजों में 235 सीटें आरक्षित हैं। इस तरह कुल 490 सीटों के लिए 4289 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें ओबीसी लड़कों की संख्या 2084 और लड़कियों की संख्या 2205 है। इसके अलावा कुछ सीटें दिव्यांगजन कैटेगरी में ओबीसी छात्रों के लिए भी हैं।




### जनरल कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा सबसे कम

अमूमन समझा जाता है कि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का आरक्षण नहीं है, इसलिए उन्हें सख्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। लेकिन यहां मामला थोड़ा अलग नजर आ रहा है। प्रदेश के 29 मेडिकल कॉलेजों में जनरल कैटेगरी के लिए एमबीबीएस सीटों की संख्या 1659 है, जबकि इस श्रेणी में रजिस्टर्ड उम्मीदवारों की संख्या 3521 है। इनमें 2156 लड़कियां और 1365 लड़के हैं। चिकित्सा शिक्षा में सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के लिए करीब 40 फीसदी सीटें ओपन हैं। इसके अलावा वह सीटें जो किसी न किसी आरक्षित श्रेणी में होने के बाद भी यदि रिक्त रह जाती हैं तो अंत में उन्हें ओपन श्रेणी से भरा जाता है।

### किस श्रेणी में कितनी सीटें और उम्मीदवार

| श्रेणी | उम्मीदवार | सीटें |
|---|---|---|
| सामान्य श्रेणी | 3521 | 1659 |
| ओबीसी | 4289 | 490 |
| एससी | 2463 | 560 |
| एसटी | 2059 | 699 |
| जीएस कोटा | 1107 | 204 |
| दिव्यांगजन | 116 | 201 |

### 27 फीसदी आरक्षण की रखी मांग

मप्र में ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने को लेकर पिछले कई साल से मांग उठ रही है। अन्य पिछड़ा वर्ग के कई संगठन इस आरक्षण सीमा को 14 से बढ़ाकर 27 करने की मांग कर रहे हैं। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राज्य सरकार द्वारा इस मामले अपना पक्ष भी रखा रहा है।

### दिव्यांग श्रेणी में सीटें ज्यादा, उम्मीदवार कम

एक तरफ जहां सभी श्रेणी में सीटों के मुकाबले उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है। वहीं दिव्यांग श्रेणी में इसके उलट मामला है। प्रदेश के 29 मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांग श्रेणी के लिए आरक्षित एमबीबीएस सीटों की संख्या 201 है, जबकि इस श्रेणी में रजिस्टर्ड हुए उम्मीदवारों की संख्या महज 116 है। दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण लागू है।

### 4775 सीटों के मुकाबले 15897 उम्मीदवार

नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में इस बार एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या 4775 है। जबकि इन सीटों पर प्रवेश पाने के लिए रजिस्टर्ड उम्मीदवारों की संख्या 15,897 है। इन उम्मीदवारों में 1020 उम्मीदवार नॉन डोमिसाइल हैं। यानि यह उम्मीदवार मप्र के मूल निवासी नहीं हैं।

---

## स्मार्ट मीटर के विरोध के बीच राजगढ़ पहुंचे बिजली कंपनी के एमडी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश भर में जारी हंगामे के बीच मंगलवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी क्षितिज सिंघल राजगढ़ पहुंचे और अधिकारियों से फील्ड पर उतरकर स्मार्ट मीटर का लाभ बताने को कहा। बता दें कि पूरे प्रदेश में उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने की शिकायत कर रहे हैं। विद्युत नियामक आयोग को भी स्मार्ट मीटर के तहत स्मार्ट मीटर की कीमतें जोड़कर ज्यादा बिल वसूले जाने की शिकायत मिली हैं। कुछ उपभोक्ता कोर्ट भी जा चुके हैं, जिसके बाद एमडी सहित अन्य अफसरों को मोर्चा संभालना पड़ रहा है।

**यह है बिजली कंपनी का तर्क :** कंपनी के अधिकारी लगातार तर्क दे रहे हैं कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग पारदर्शी और सटीक होती है इसलिए लोगों को इसके लाभ बताकर ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। एमडी ने बताया कि 10 किलोवॉट भार वाले उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में सुबह से शाम 5 बजे तक बिजली खपत में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है, इसे हर उपभोक्ता की जानकारी में लाया जाना चाहिए। बता दें कि राजगढ़ में अब तक कुल 1 लाख 24 हजार 701 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनके उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल में 50 रुपए से लेकर 12 हजार 160 रुपए तक की छूट प्रदान की गई है।

---

## उद्योगों के हिसाब से बनाए जाएं पाठ्यक्रम: मंत्री परमार



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय के शासी निकाय (संचालक मंडल) एवं साधारण सभा की 23वीं बैठक हुई। प्रस्तावित कार्यसूची के अनुरूप विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा हुई। शासी निकाय (संचालक मंडल) एवं साधारण सभा की 22वीं बैठक के कार्य विवरण की पुष्टि के लिए पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि स्थानीय उद्योग जगत की आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप पाठ्यक्रमों के अध्यापन की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करें। परमार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के समन्वय के साथ, राच्य स्तर पर अकैडमिक रिव्यू बोर्ड बनाने के निर्देश तकनीकी शिक्षा विभाग को दिए, इससे वास्तविक आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम संचालन से समस्त इंजीनियरिंग महाविद्यालयों को सुविधा मिलगी। परमार ने कहा कि निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और संस्थान के विद्यार्थियों से ही निर्माण आदि कार्यों को संपादित करवाने की कार्ययोजना बनाएं, विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में ही प्रायोगिक ज्ञान मिल सकेगा। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों के लिए अकादमिक गुणवत्ता के उत्थान के लिए व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन के निर्देश दिए और संस्थान के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें और अकादमिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि के सतत् प्रयास करें। परमार ने कहा कि संस्थान अपनी विशेषता और उत्कृष्टता पर व्यापक कार्य करे ताकि विशिष्ट संदर्भ में संस्थान का नाम आलोकित हो। परमार ने संस्थान की पहचान को पुनः स्थापित कर, आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित करने के लिए सार्थक क्रियान्वयन करने की बात भी कही। बैठक में रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पीएचडी केंद्र की स्थापना एवं शुल्क निर्धारण, सीएम संकल्प योजना के तहत कोडिंग लैब में प्रशिक्षण के संबंध में व्यय की स्वीकृति, संस्थान में नवीन यूजी तथा पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति, प्रतिवर्ष 10 मार्च को संस्था के स्थापना दिवस मनाने एवं टेक फेस्ट के आयोजन के लिए स्वीकृति, संस्थान के नवीन लोगों एवं ध्येय वाक्य के प्रस्ताव का अनुमोदन, संस्थान के कॉलोनी परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल के निर्माण के लिए 1 करोड़ 33 लाख 23 हजार रुपए की स्वीकृति, पेयजल व्यवस्था के लिए ओवरहेड टैंक के निर्माण के लिए 32 लाख 39 हजार रुपए की स्वीकृति, भवन निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिए कुल 67 लाख 39 हजार रुपए की स्वीकृति, विभिन्न विभागों के उपकरणों के क्रय हेतु 50 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति,

नगर पालिका निगम रीवा द्वारा अधिरोपित सेवा प्रभार के भुगतान राशि की स्वीकृति, संस्थान के बालक एवं कन्या छात्रावास परीक्षा विभाग, रजिस्ट्रार एवं लेखा कार्यालय, इलेक्ट्रॉनिक विभाग एवं इलेक्ट्रिकल विभाग में फर्नीचर और अलमारी के क्रय के लिए 18 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति, पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत 0.66 हेक्टेयर भूमि के बदले 22 करोड रुपए के संस्थान में निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति के साथ संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संस्थान परिसर में संजीवनी क्लीनिक निर्माण की अनुमति प्रदान की गई। संस्थान के बिजनेस प्लान को स्वीकृति के साथ विस्तृत गाइडलाइन बनाने के निर्देश भी दिए गए। संस्था के दो प्राध्यापकों को पीएचडी /उच्च शिक्षा के लिए अनुमति तथा भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के एक पद की स्वीकृति भी प्रदान की गई।प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार मनीष सिंह विभाग, कुलगुरु राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल प्रो. राजीव त्रिपाठी, आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा, अध्यक्ष रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज ग्लोबल एल्युमिनियम एसोसिएशन आर. एस. शर्मा, रीवा के उद्योगपति विष्णु अग्रवाल एवं संस्थान के प्राचार्य और सदस्य सचिव डॉ. आर .पी. तिवारी सहित शासी निकाय (संचालक मंडल) एवं साधारण सभा के अन्य सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

**किसानों पर दोहरी मार: कहीं सोयाबीन में लगा रोग तो कहीं खाद की किल्लत ने बढ़ाई पीड़ा**

# खाद की किल्लत: आक्रोशित किसानों ने एनएच 46 जाम कर दफ्तर में डाले ताले



**जागरण, इटारसी/ उज्जैन।** इन दिनों प्रदेश के किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। उज्जैन जिले में बारिश की बेरुखी से फसलों पर रोग लग गया है। इसके अलावा खाद के लिये भी किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। नर्मदापुर के इटारसी विकासखंड के केसला के सैंकड़ों किसानों ने खाद नहीं मिलने से परेशान होकर मंगलवार को नेशनल हाईवे 46 को जाम कर दिया। आक्रोशित किसानों ने खाद नहीं मिलने से परेशान होकर सहकारी समिति के दफ्तर में ताला डाल दिया और रोड पर आकर बैठ गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और अफसरों की समझाइश के बाद जाम खोला गया। मालूम हो कि सुखतवा और केसला के किसानों का खाद वितरण को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारियों के साथ विवाद हो गया। समिति के खाद के स्थान पर केवल आश्वासन मिलने से परेशान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 46 जाम कर दिया। किसानों ने सहकारी समिति के कार्यालय पर ताला डालकर धरना दे दिया। प्रशासन को सूचना मिलते ही तहसीलदार हीरु कुमरे एवं उनकी टीम सुखतवा सहकारी समिति कार्यालय पहुंची और किसानों को समझाइश दी। किसानों ने समिति संचालक एवं प्रबंधक से लिखित में मांग की कि किसानों को पूरा खाद वितरण करेंगे, उसके बाद ताला खोला गया। दुर्गेश धुर्वे ने समिति के शाखा प्रबंधक दीक्षा लोधी की शिकायत करते हुए कहा कि वह कभी समय पर कार्यालय नहीं आती है और ना ही किसानों का फोन उठाती हैं जिससे किसानों ने आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुए प्रबंधक को हटाने की मांग रखी और तहसीलदार हीरु कुमर को ज्ञापन सौंपा।

### बारिश की बेरुखी और फसलों पर बीमारी की मार से टूटी अन्नदाताओं की उम्मीदें

**जागरण, उज्जैन (खाचरोद)।** बारिश की बेरुखी और फसलों पर बीमारी की मार से किसानों की उम्मीदें टूट गई हैं। सोयाबीन की फसलें पीली पड़कर पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर गया है। समस्या को लेकर किसानों ने एसडीएम नेहा साहू को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें तत्काल राहत और उचित मुआवजे की मांग की गई है। किसानों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि इस साल का सावन बिना बरसे ही बीत गया, जिससे खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसलें सूखने लगीं। रही-सही कसर पीला मोजेक नामक बीमारी ने पूरी कर दी। इस बीमारी के कारण सोयाबीन के पौधे पीले पड़कर सूख रहे हैं और उन पर फलियां नहीं आ रही हैं। किसानों का कहना है कि उनकी दो महीने की कड़ी मेहनत और लागत पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। कई किसानों ने तो कर्ज लेकर बुवाई की थी, जिसकी चिंता अब उन्हें सता रही है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि जवाबदार कृषि अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से खाचरोद और आस-पास के गांवों में नुकसान का सर्वे करने का आदेश दिया जाए।

---

## सोते समय महिला और दो बेटों को सांप ने डसा, झाड़-फूंक के चक्कर में मौत

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश में इन दिनों सांप के काटने से मौत के कई मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में ताजा मामला शिवपुरी जिले से सामने आया है। जहां घर में सो रही एक महिला और उसके दो बेटों को सांप ने डस लिया, जिससे तीनों की मौत हो गई। सांप के काटने के बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक कराते रहे, जिससे इलाज में देरी हुई और तीनों की मौत हो गई। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया गया तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद भी परिजन उन्हें मृत मानने को तैयार नहीं हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है।



**सांप ने ली मां-बेटों की जान:** दरअसल, महिला पिंकी शिवपुरी जिले की रहने वाली थी। वह अपने बेटे प्रिंस और बेटी के साथ राजस्थान के बारां जिले में अपने मायके रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पहुंची थी। जहां मंगलवार तीनों को सोते समय कॉमन करैत सांप ने डस लिया। परिजन ने उनके मुंह से झाग निकलते देखा। तीनों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। सांप कमरे में ही था, जिसे परिवार के सदस्यों ने डंडे से मार डाला।

---

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**वोटर के लिए 11 में ...**
सुनवाई में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21(3) का भी जिक्र हुआ और पूछा गया कि क्या ईसी के पास विशेष गहन संशोधन की अवशिष्ट शक्तियां हैं। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

**पत्रकारों के समाचार...**
विधायिका से इस तरह की परिभाषा तय कराने की मांग करेंगे, तो यह स्वयं में जोखिमपूर्ण होगा।' याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि धारा 152 में 'राजद्रोह' शब्द का प्रयोग भले न किया गया हो, लेकिन इसका उद्देश्य और प्रभाव पुराने धारा 124 जैसा ही है और इसे पत्रकारों को डराने-धमकाने के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।
पीठ ने इस दलील पर कोई अंतिम टिप्पणी नहीं की, लेकिन इसे एक अन्य लंबित याचिका — सेवानिवृत्त मेजर जनरल एस.जी. वोंबटकेरे द्वारा दायर — के साथ जोड़ने पर सहमति दी। वोंबटकेरे पहले धारा 124 को चुनौती दे चुके हैं और अब उन्होंने धारा 152 की संवैधानिकता पर भी सवाल उठाया है।

**भोपाल: कैमिकल फैक्ट्री...**
ठीक 10 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और धुंआ देखकर पानी की बौछार शुरू कर दी, लेकिन इससे केमिकल रिएक्शन और तेज हो गया और आसपास की फैक्ट्रियों और इंद्रपुरी तक गैस पहुंचने से लोगों को सांस लेने में परेशानी होना शुरू हो गई। लेकिन मौके पर पहुंचे फायर अमले ने स्थिति को संभालते हुए गैस का रिसाव रोका।

**नशामुक्ति केंद्र में पीएनबी...**
डॉक्टरों ने बताया कि उसे मृत लाया गया था। शव पर कई जगह गंभीर चोट के निशान थे, जिससे परिजन भड़क गए और हत्या का आरोप लगाया। पंकज की पत्नी अनुकृति कटारे और एक बेटी है। मौत से एक दिन पहले वह घर आकर पत्नी और बेटी से मिला था, जो उनकी आखिरी मुलाकात साबित हुई। महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि युवक की संदिग्ध मौत के मामले में जांच जारी है।

**कितना भी एप्रोच वाला...**
जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। नशा समाज के लिए अभिशाप है। जन सहयोग से हम विकसित भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को पूर्ण करेंगे।
**339 करोड़ रुपए की राशि की अंतरित:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से भेजी।

**महाराष्ट्र: भीड़ ने की ...**
ही में 12वीं पास कर चुका था और पुलिस सेवा में भर्ती की तैयारी कर रहा था। घटना के दिन वह अपना आवेदन जमा करने जामनेर आया था। घटना के बाद जामनेर में विरोध प्रदर्शन हुए। परिजनों और समुदाय के लोगों ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मामले में जामनेर पुलिस स्टेशन के बाहर धरना भी दिया गया।

---

**आयोजन**

**प्रदेश में 5 दिवसीय होगा श्रीकृष्ण पर्व, मंदिरों में श्रृंगार को लेकर मिलेंगे अलग-अलग पुरस्कार**

# 3 हजार मंदिरों में होगा अनुष्ठान,1 हजार कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस वर्ष पांच दिवसीय श्रीकृष्ण पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान राज्य के 3 तीन हजार मंदिरों में जहां धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे,तो वहीं एक हजार से ज्यादा कलाकार श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित अपनी सांस्कृति प्रस्तुति देंगे।

यह जानकारी मंगलवार को संस्कृति विभाग के संचालक एन.पी.नामदेव और मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने पत्रकारों से संवाद करते हुए दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा 14 अगस्त से श्रीकृष्ण पर्व हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्रकटोत्सव का आयोजन करेगा। इस दौरान राज्य के 3 हजार से अधिक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान ,श्रृंगार प्रतियोगिताएं,मटकी फोड़,रासलीला और भजन संध्या का अलग-अलग स्थानों पर आयोजन किया जाएगा। इसी तरह राज्य के 100 से ज्यादा



स्थानों पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। उनके ्दवारा भजन,कीर्तन,नृत्य और नाटिकाएं प्रस्तुत की जाएगी।

संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि सीएम यादव के मार्गदर्शन में इन आयोजनों के जरिए भक्ति और आध्यात्मिकता के साथ-सा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर किया जाएगा। मंदिरों के श्रृंगार को लेकर अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें पहला पुरस्कार 1.50 लाख के तीन, 1 लाख रुपए के 5 पुरस्कार और 51 हजार रुपए के सात पुरस्कार दिए जाएंगे।

### 500 से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थल एवं प्रदेश के प्रमुख मंदिरों और स्थानों के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए राज्य सरकार 14 अगस्त को बलराम जयंती और हलधर महोत्सव एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है। इन आयोजनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश श्रीकृष्णमय हो जायेगा और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आयेगा। डॉ. यादव ने कहा कि इन अवसरों पर होने वाले कार्यक्रमों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राच्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बलराम एवं श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक-कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गयी तिरंगा रैली





## डी पॉल स्कूल में तिरंगा मेरी शान है के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन

जागरण, विंध्यनगर

देश भर में मनाए जा रहे 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विशेष अभियान मनाया जा रहा है। इसी तारतंभ में एनटीपीसी विंध्याचल के डी पॉल स्कूल में तिरंगा मेरी शान है के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन शासन के निर्देशानुसारों का पालन करते हुए डी पॉल स्कूल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गयी साथ ही प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का आयोजन देश भक्ति की भावना से ओत–प्रोत तिरंगा मेरी शान है विषय पर रहा। तिरंगे के प्रति छात्रों में जोश की भावना जाग्रत करते हुए रंगोली, चित्रकला,तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांधी जी के स्वच्छता के सपने को ध्यान में रखते हुए एक दिन स्वच्छता के नाम समर्पित किया गया। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गयी ।जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा प्रत्येक छात्र के हाथों में तिरंगा झंडा बड़े ही गौरव के साथ लहरा रहा था साथ ही सभी के मुँह से वंदेमातरम् का स्वर मुखरित हो रहा था। जोश और उमंग से तिरंगे झंडे के प्रति विशेष सम्मान सबकी आंखों में झलक रहा था इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसेफ ने तिरंगे के आजादी के समय में महत्व को बताते हुए कि कैसे क्रांतिकारियों ने झंडे के तले एक जुट हो स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और हमें स्वतंत्रता दिलाई साथ प्रत्येंक रंग का महत्व बताते हुए उसका सम्मान करने की बात कही । आज का कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व मे सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण कराये अधिकारी : प्रभारी आयुक्त



## नगरीय क्षेत्र में चल रहे पीएम आवास के बीएल सी घटक के आवेदनों का करें निराकरण

**जागरण, बैढ़न।** नगर निगम के प्रभारी आयुक्त आर पी बैस ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए। कोई भी शिकायत अन.अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतो के निराकरण कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को जाने तथा उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं तो शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद किया जा सकता है। शिकायतो के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से हर माह जारी होने वाली रैकिंग ग्रेडिग मिलती है। प्रभारी आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी होने पर संबंधित सहायक एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सहायक एवं उपयंत्री लगातार निर्माण कार्यो की मानीटरिंग करते रहे। प्रभारी आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास के निर्माण की विस्तार से समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए गए कि बी.एल.सी घटक के आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप से किए जाएं। साथ ही संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को प्रतिदिन की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंन नगरीय क्षेत्र के पेयजल व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था की विस्तार समीक्षा करते हुयें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगर निगम के सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी डी के सिंह पी के सिंह उपयंत्री विशाल खत्री इंद्रवेश यादव चंद्रमणि द्विवेदी अनुज सिंह प्रभारी अधिकारी राजस्व नवजीवन विहार संतोष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएसआर फंड के दुरुपयोग पर तत्काल रोक एवं कार्यवाही की मांग

## म.प्र. कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवाल ने कलेक्टर को प्रेषित किया पत्र



**जागरण, बैढ़न।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवाल ने सीएसआर फंड के दुरुपयोग को लेकर कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है अपने पत्र में श्री शाहवाल ने उल्लेख किया है कि कंपनीज़ एक्ट 2013 एवं 2014 की धारा 135, 182 के तहत सीएसआर फंड के खुलेआम दुरुपयोग पर तत्काल रोक एवं कार्यवाही की जाए उन्होंने कहा कि इन दिनों सोशल मीडिया और फेसबुक पर एक बेहद शर्मनाक एवं चौंकाने वाला मामला वायरल हो रहा है सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने अपने जन्मदिन के मौके पर 26 अगस्त को गायत्री मंदिर माजन में एनटीपीसी के सीएसआर फंड से दिए गए बैग बांटे। इतना ही नहीं 9 अगस्त को विधायक कार्यालय बिलौजी में भी सीएसआर फंड से मिले हेलमेट अपने निजी स्टाफ भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्षद महिलाओं को बांटकर रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार का उपहास उड़ाया गया। यह सिर्फ़ एक धार्मिक त्यौहार का अपमान नहीं बल्कि सीएसआर फंड का सरेआम राजनीतिक दुरुपयोग है। दूसरे राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं को नज़रअंदाज़ किया गया और विस्थापितों व विस्थापन से प्रभावित गरीबों का हक छीना गया। जबकि कंपनीज़ एक्ट 2013 2014 की धारा 135 और 182 साफ कहती है कि सीएसआर फंड का उपयोग केवल कंपनी से विस्थापित हुए लोगों के लिए, विस्थापन से प्रभावित गरीबों के लिए, और सार्वजनिक हित के कार्यों के लिए किया जाएगा। साथ ही किसी भी राजनीतिक दल के नेता विधायक या सांसद अपने निजी प्रचार.प्रसार के लिए सीएसआर फंड का इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसा करना भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है और दंडनीय अपराध है। श्री शाहवाल ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई भी सीएसआर फंड को अपनी राजनीति और प्रचार का औज़ार न बना सके।

# अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी अगस्त के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन नामित




**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में अगस्त 25 से जनवरी 26 तक कोर वैल्यू क्कुअलाईजेशन मनाया जा रहा है जिसमें प्रत्येक माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी.विंध्याचल में अगस्त के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी को नामित किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों .कर्मचारियों एवं उनके परिवारों संविदा कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों के लिए सत्यनिष्ठा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगितायें कहानी लेखन शॉर्ट विडियो मेकिंग नारा प्रतियोगिता वाद.विवाद प्रतियोगिता एवं कोलाज मेकिंग आदि का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक दिन सत्यनिष्ठा पर आधारित एक संदेश इंट्रानेट पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। आज परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में सत्यनिष्ठा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के आयोजन का मुख्य उदेश्य सभी कर्मचारियों को अपने.अपने कार्यस्थल मे ईमानदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित करना था। इस रैली में मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार कमांडेंट सीआईएसएफ मनीष राय महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल महाप्रबंधक परियोजना अतिन कुंडु महाप्रबंधक प्रचालन सत्येंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री दीपु ए महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ.विनोद कुमार भराली मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी अपर महाप्रबंधक सुरक्षा आशीष अग्रवाल अन्य अपर महाप्रबंधकगण वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण प्राचार्य व शिक्षकगणों के साथ.साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चें एवं सीआईएसएफ के नौजवानों नें भाग लिया।



# नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय का पूजा अर्चना के साथ विधायक द्वारा किया गया लोकार्पण

**जागरण, बैढ़न।** आज विधायक रामनिवास शाह विधानसभा 80 सिंगरौली मुख्य अतिथि द्वारा आदर्श वार्ड क्रमांक 40 में वन आधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय का लोकार्पण विधिवत् पूजा अर्चना के साथ किया गया साथ ही विधायक के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता अखिल बसंल वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मंडल सिंगरौली ने की। इस अवसर पर सुंदर दास सोनवानी उप वनमंडल अधिकारी देवसर नरेन्द्र त्रिपाठी उप वन मंडल अधिकारी बैढ़न राजकुमार यादव वन परिक्षेत्राधिकारी बैढ़न सुरेश सिंह मरकाम परिक्षेत्र सहायक बैढ़न महेंद्र तिवारी बीट प्रभारी बैढ़न एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक द्वारा मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं को आम जनमानस के बीच पहुंचाने एवं जागरूक करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके।

# सासन हाईस्कूल के 72 छात्र छात्राओं को मिली निःशुल्क सायकल

**जागरण, सिंगरौली।** सासन हाईस्कूल में 72 निः.शुल्क सायकलों का वितरण विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल शाह विशिष्टि अतिथि एवं सुश्री समरन वाधवा सहा संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विशिष्ट अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती किरण शाह उपस्थित रहीं। सायकल वितरण के पश्चात पांच पौधों का रोपण विधायक व अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालन विजय कुमार शाह श्रवण कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। माँ सरस्वती का पूजन के पश्चात सरस्वती वंदना पुष्पहार व पुष्प गुच्छ द्वारा अभिवादन किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य आरपीएस दुबे एवं वी.डी.शाह ने किया। मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के विकास पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक मांगों को पूर्ण कराने का अश्वासन दिया गया। अन्त में विकास खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।




# हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुई बाइक रैली

**जागरण, सराई।** आज 12 अगस्त को सरई में आजादी के 79वें वर्षगांठ को मनाने के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की जागरूकता के लिए 12 अगस्त को सरई में बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली मां धनौजा मंदिर से प्रारंभ होकर सर ई मुख्य बाजार होते हुए पुलिस थाना सर ई के सामने से गुजर कर सामुदायिक भवन सर ई आईटीआई कॉलेज रोड पर समाप्त हुई। पूरा सर ई नगर भारत माता की जय घोष से गुंजायमान हुआ। इस बाइक रैली में कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश भी देखा गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह जी देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम जी भूतपूर्व देवसर विधायक सुभाष वर्मा जी के भाजपा मंडल के अध्यक्ष रामधनी यादव भारतीय जनता पार्टी के समस्त स्थानीय कार्यकर्ता एवं पुलिस बल तथा आमजन उपस्थित थे।



# एनटीपीसी विंध्याचल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन




**जागरण, विंध्यनगर।** भारत सरकार के दिशा–निर्देशानुसार 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें सीआईएसएफ के जवानों एवं परियोजना परिसर में स्थित सभी विद्यालयों के छात्र.छात्राओं नें बड़ी संख्या में तिरंगे के साथ बढ़.चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान पूरा स्टेडियम तिरंगामयी हो गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विंध्याचल प्रबंधन द्वारा परियोजना के नगर परिसर मे स्थित सभी घरों में तिरंगा प्रदान किया गया। इस रैली में मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार कमांडेंट सीआईएसएफ मनीष राय महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल महाप्रबंधक परियोजना अतिन कुंडु महाप्रबंधक प्रचालन सत्येंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री दीपु ए महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ. विनोद कुमार भराली मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी अपर महाप्रबंधक सुरक्षा आशीष अग्रवाल अन्य अपर महाप्रबंधकगण वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण प्राचार्य व शिक्षकगणों के साथ.साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चें एवं सीआईएसएफ के नौजवानों नें भाग लिया।

# विवेकानंद विद्यालय में श्री कृष्णा सज्जा प्रतियोगिता

**जागरण, शक्तिनगर।** आज विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय शक्तिनगर सोनभद्र में श्री कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता का सकुशल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से पांचवीं तक के भैया बहिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभी बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के विविध रूपों . बाल गोपाल माखनचोर बंशीधर एवं गोवर्धनधारी में सुंदर सज्जा की। विद्यालय में मुख्य अतिथियो के रूप में श्रीमती प्रीति भट्टएडॉ अपर्णा त्रिपाठी दीपिका सिंह एवं अंजना भारद्वाज रहीं। मुख्य अतिथियों का परिचय काशी संभाग के संभाग निरीक्षक गोपालजी तिवारी ने कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ । तत्पश्चात संभाग निरीक्षक ने भगवान श्री कृष्ण के रूप सज्जा एवं उनके जीवनी के बारे में वहां उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया कि कैसे उनका जीवन प्रेम और न्याय के प्रतीक था। निर्णायक मंडल ने भैया बहिनों की पोशाक सजावट अभिनय व आत्मविश्वास को आधार बनाकर मूल्यांकन किया एवं प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया साथ ही विद्यालय के सभी प्रतिभागी भैया बहिनों को भी पुरस्कृत किया गया ।विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा कृष्ण के बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथियो ने भैया बहिनों के श्री कृष्ण स्वरूप को देख कर भावुक मन से कहा कि ऐसा प्रतीत होता जैसे गोकुल में आ गए हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य व संभाग निरीक्षक गोपालजी तिवारी ने भैया बहिनों के रूप और उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भैया बहिनों में कला संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम के सकुशल संचालन में आचार्य रमाकांत पांडेय बृजेश श्रीवास्तव सुश्री बोनू और समस्त आचार्य एवं दीदी की सहभागिता रही।



## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण से संबंधित प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**जागरण, बैढ़न।** आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रो में मतदाताओ की संख्या 1500 से घटाकर 1200 हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव पाण्डेय के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आयोजित हुई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 79 चितरंगी 80 सिंगरौली तथा 81 देवसर से मतदान केन्द्र के युक्तिकरण के तैयार प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। बैठक मे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तिरंगे के रंग में रंगा पवई, गूंजे भारत माता के जयकारे

**जागरण, पवई।** बुधवार का दिन पवई नगर के इतिहास में देशभक्ति के रंग भर गया, जब भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नगर पंचायत पवई के तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर का कोना-कोना केसरिया, सफेद और हरे रंग में सजा हुआ दिखाई दिया, तो आसमान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुबह उत्साह और जोश के माहौल में ऐतिहासिक जगदीश स्वामी मंदिर से हुआ। हाथों में लहराते तिरंगे, रंग-बिरंगे परिधान और देशभक्ति के गीतों के साथ नगरवासी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एकजुट होकर आगे बढ़े। यात्रा का मार्ग बस स्टैंड, मिलोनीगंज, करही तिराहा होते हुए सलेहा तिराहा तक तय किया गया, देशभक्ति के नारों के बीच यात्रा का समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह पर नागरिकों और दुकानदारों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। कई स्थानों पर युवा हाथों में तिरंगा लिए बच्चे यात्रा में अलग ही रंग भर रहे थे। महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी



रही, कार्यक्रम के समापन पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने भारत माता की आरती की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, जिसके लिए लाखों वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष बसंत दहायत, भाजपा जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, शासकीय महाविद्यालय पवई जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल सहित कई वरिष्ठ कनिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले से एसडीएम समीक्षा जैन, एसडीओपी पवई भावना सिंह दांगी, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सीईओ अखिलेश उपाध्याय सीएमओ विनीत नगर सहित वन विभाग राजस्व विभाग शिक्षा विभाग चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रशासन की ओर से यात्रा की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। पूरे आयोजन में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई स्कूली छात्र-छात्राएँ अपने शिक्षकों के साथ शामिल हुए और राष्ट्रभक्ति के गीत गाते हुए वातावरण को और भी भावुक बना दिया। यात्रा के दौरान 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'तिरंगा हमारी शान है', और 'भारत माता की जय' जैसे नारे निरंतर गूंजते रहे। तिरंगा यात्रा ने न केवल नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस के उत्सव की ओर अग्रसर किया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि जब बात देश की एकता, अखंडता और सम्मान की हो, तो पूरा समाज जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर एकजुट हो जाता है। इस अवसर पर नगरवासियों ने संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएँगे। पवई में निकली यह तिरंगा यात्रा आने वाले वर्षों तक देशभक्ति और एकता के प्रतीक के रूप में याद की जाएगी।

# मकान के बंटवारे को लेकर विवाद, लाठी-डंडों से हमला

## दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**जागरण, टीकमगढ़।** मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचमपुरा में बुधवार सुबह मकान के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस झगड़े में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष के 25 वर्षीय किरण राजा परमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, उनके चाचा कमल सिंह परमार से मकान के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बुधवार सुबह करीब 4 बजे उनके चाचा जय कुंअर परमार और बहू सुमन परमार ने घर के जानवरों को डंडों से मारना शुरू कर दिया। रोकने पर गाली-गलौज के साथ मारपीट की गई। बीच-



बचाव करने आई उनकी बहनें सविता राजा बुंदेला और सुनीता राजा परमार भी चोटिल हो गईं। मोहनगढ़ थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि किरण की शिकायत पर जय कुंअर और सुमन परमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई शिकायत :** घटना के बाद दूसरे पक्ष ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें किरण राजा परमार, मान सिंह परमार और सुनीता राजा परमार पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शासकीय महाविद्यालय पवई में संपन्न हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**जागरण, पवई।** पवई के शासकीय महविद्यालय में बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सोम पांडे के द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून और उनके अधिकारों के बारे में साथ ही कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को बाल अपराध, महिला अपराध,साइबर अपराध मोबाइल हैकिंग,यातायात के नियम,बैंकिंग फ्रॉड इत्यादि के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य के साथ समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश की नई कार्यकारिणी घोषित

## पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सक्रिय रहेगा संगठन : अभय गुप्ता

**जागरण, टीकमगढ़।** बुधवार को जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सक्सेना की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता (मौर्य) ने टीकमगढ़ जिले की नई जिला कार्यकारिणी, तहसील अध्यक्ष, संरक्षक सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की। इस अवसर पर जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े वरिष्ठ और सक्रिय पत्रकारों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। घोषित जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सत्तार खान (बाबा), अखिलेश लोधी, शेख हनीफ, शब्बीर खान (समीर), महामंत्री अवधेश वर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल सोनी, सचिव अकरम खान, गंधर्व सिंह बुंदेला, प्रतीक रामचंद्रानी, मोहसिन खान, सोशल मीडिया प्रभारी शालिम खान, कार्यालय सचिव पुष्पेन्द्र सिंह परिहार, और मीडिया प्रभारी रवींद्र अहिरवार शामिल हैं। वही संगठन के संरक्षक सदस्यों में प्रदीप खरे, अनुराग दिक्षित और महबूब खान का नाम शामिल है। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नरेंद्र सिंह परमार, जमील खान, राकेश सोनी, संतोष खरे, राजीव नामदेव राना लिधौरी, नीरज जैन और पुष्पेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। वही संगठन में तहसील अध्यक्षों में टीकमगढ़ से विकास राय, बल्देवगढ़ से अखंड प्रताप सिंह यादव, खरगापुर से सुरेंद्र राय, जतारा से विनोद साहू, पलेरा से सोनू विश्वकर्मा, दिगौड़ा से ललित दुबे और लिधौरा से नितेन्द्र शर्मा का चयन किया गया है। जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता (मौर्य) ने कहा कि जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश हमेशा से पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनकी सुरक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए प्रतिबद्ध रही है। नई कार्यकारिणी जिले में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों की समस्याओं को प्रशासन और शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर बेखौफ और जिम्मेदार पत्रकारिता करने के लिए निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन की एकजुटता बनाए रखने और पत्रकारिता की गरिमा को कायम रखने का आह्वान किया।

# चिहुल्लम पर्व से पूर्व कर्बला घाट पर नगर पालिका की तैयारी तेज

## सीएमओ ने मौके पर दिए सख्त निर्देश

**जागरण, टीकमगढ़।** बुधवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने महेंद्र सागर तालाब स्थित ऐतिहासिक कर्बला घाट का निरीक्षण किया। आगामी चिहुल्लम पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर विशेष स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने नगर पालिका अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ भदौरिया ने घाट परिसर के प्रत्येक हिस्से का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने घाट के चारों तरफ सफाई के निर्देश दिए ओर पेयजल की



अस्थायी व्यवस्था, रोशनी के लिए पर्याप्त बल्ब व लाइटें लगाने के निर्देश दिए।

**व्यवस्था में नही आने दी जाएगी कोई कमी- सीएमओ ओमपाल :** वही सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि चिहुल्लम पर्व पर जिले और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कर्बला घाट पर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान करना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री विजय कुमार सोनी और सफाई प्रभारी राकेश बाल्मीक भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने बताया कि घाट के चारो ओर सफाई के लिए विशेष दल तैयार किया गया है, जो अगले दो दिनों में सभी आवश्यक कार्य पूरे करेगा। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हर वर्ष चिहुल्लम पर्व के समय यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है, लेकिन यदि समय पर सफाई और व्यवस्था हो जाए, तो लोगों को धार्मिक अनुष्ठान करने में काफी सुविधा मिलती है। नगर पालिका अमला अब चौबीसों घंटे घाट पर सफाई और व्यवस्था के काम में जुट गया है, ताकि चिहुल्लम पर्व के दौरान श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपने धार्मिक कार्य संपन्न कर सकें।

# समृद्ध भारत नवनिर्माण के लिए सर्व समाज अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें : सांसद

## हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आम जन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करना है

## राष्ट्रीय तिरंगा के सम्मान में समस्त समाज संगठित होकर अपने घरों पर लगाए राष्ट्रीय ध्वज- बृजेंद्र प्रताप सिंह

**जागरण, पन्ना।** हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के तहत पन्ना नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल ओर बृजपुर मंडल के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर के जुगल किशोर मंदिर प्रांगण से गांधी चौक तक किया गया कार्यक्रम में बतौर खजुराहो सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा,पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह,पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ सिवनी के पूर्व विधायक कैलाश दिनकर एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा (डब्बू)विशेष अतिथि मैं



उपस्थित थे तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र छात्राओं नगर के आम लोगों एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैंड बाजे की धुन में राष्ट्रभक्ति ओत प्रोत गाने बजाए जा रहे थे सभी के हाथों में तिरंगा झंडा था आम लोगों ने तिरंगा यात्रा का दिल खोलकर स्वागत किया एवं जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। यात्रा के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बी.डी.शर्मा ने कहा कि घर-घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग एवं आम जन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करना है हमें अपने राष्ट्र एवं देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि देने वाले देशभक्ति सैनिकों को भी हमेशा याद रखना चाहिए। इसलिए हमको 15 अगस्त तक हर घर घर तिरंगा लगाना है और तिरंगा लगाते हुए अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर डालना है जिस गांव-गांव में तिरंगे के प्रति लोगों में सम्मान और राष्ट्रीयता की भावना जन जन में जागृत हो और कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट करते हुए जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने विशाल तिरंगा यात्रा में पधारे सभी कार्यकर्ताओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं स्कूली छात्राओं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोगों को अब हर घर में तिरंगा और लगाना है इस अवसर समस्त कार्यकर्ताओं ने , सांसद बी. डी.शर्मा ने शैलेंद्र बरुआ ने विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने एवं जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के साथ अपने हाथों पर राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय तिरंगा हमारे भारत की आन बान और शान है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हम सब जागृत होकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी सहभागिता निभाते हुए राष्ट्रीय तिरंगा का सम्मान कर अपने घरों पर राष्ट्रीय तिरंगा अवश्य लगाकर अपने राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से आगे बढ़े।

# मनाई जाएगी हलषष्ठी : भगवान बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**जागरण, पन्ना।** महाराज छत्रसाल के दसवीं पीढ़ी के पन्ना नरेश महेंद्र महाराजा रुद्र प्रताप सिंह ने संवत 1933 में बल्देव जी मंदिर का निर्माण कराकर मिथक को झुतला दिया था की समान संरचना दूसरी नहीं की जा सकती, वह भी पहाड़ी दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में ऊंची नीची घाटियों के बीच। बल्देव जी मंदिर का मानचित्र इटली के इंजीनियर मिस्टर मेनले ने तैयार किया था जिसमें यूरोपीय तथा भारतीय संस्कृति का समावेश कर अनूठा मंदिर निर्मित कराया था निर्माण में स्थानीय सामग्री का उपयोग किया गया प्रवेश द्वार भाव तथा आकर्षक पत्थरो से निर्मित है। मंदिर के गर्भग्रह के पहले विशाल महामंडपम विशिष्ट महरावो से सुसज्जित है महामन्डपम सोलह स्तंभों पर खड़ा है। स्तंम्भ याद दिलाते हैं हम्फ्री के अवशेषों के मंदिर निर्माण मैं भगवान श्री कृष्ण की 16 कलाओं की याद ताजा



करने के लिए यूरोपीय शैली के 16 दरवाजे 16 खिड़की एक ही पत्थर से निर्मित हैं दरवाजा खिड़कियों में शीशे लगे हुए हैं जिससे दूधिया रोशनी मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा देती है दरवाजे और खिड़कियों के ऊपर के त्रिभुजाकार मेहराब अपने में जकड़े हुए प्रतीत होते हैं। मंदिर का आधार विशेष ऊंचाई देकर बनाया गया है गर्भग्रह में भगवान श्री बल्देव जी की आदमकद प्रतिमा प्रतिस्थापित है। भगवान का आयुध हल तथा मूसल है जो किसानों का प्रतिनिधित्व करता है । भगवान के मंदिर की विशेषता भगवान के दर्शन प्रवेश द्वार बाहर से होना है। गुम्बदों का आकार महरावो पर नटमंन्डपम तथा भोग मंन्डप युक्त है। मंदिर के ऊपरी भाग में स्वर्ण कलश युक्त बड़ी गुंम्बद है मंदिर अपने आप में अनूठा शिल्पकारी का नमूना है। लंन्दन के सेंन्टपाल केथेड्रल की भव्यता भी कम प्रतीत होती है।

**शेषावतार श्री बलराम श्वेतांग तो कृष्ण श्याम :** महाराजा रुद्र प्रताप सिंह ने शेष अवतार बलराम की शालिग्रामी प्रतिमा का चयन विश्व में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रतिमा वृंदावन से आदमकद स्वरूप में लाये थे । मंन्दिर में महिलाएं हल की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रहती है।

# अवैध मादक पदार्थ का परिवहन करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, पन्ना।** पुलिस ने कार्यवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 255 ग्राम सूखा मादक पदार्थ (गाँजा) जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?14,000 है, के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी निर्देश के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पन्ना की टीम का गठन किया गया। दिनांक 12.08.2025 को थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि पन्ना पोस्ट ऑफिस के आगे बाईपास आम रास्ता पन्ना के पास एक व्यक्ति लाल रंग की हाफ टी-शर्ट पहने पॉलिथीन के थैले में अवैध गांजा लिए मौजूद है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर, पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष पाल पिता स्व. सुखलाल पाल, उम्र 24 वर्ष, निवासी खेजड़ा मंदिर के पास, पन्ना बताया। तलाशी में आरोपी के पास से पॉलिथीन में 1 किलो 255 ग्राम सूखा गांजा (कीमत ?14,000) बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 700/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। विवेचना जारी है। नाम पता आरोपी संतोष पाल पिता स्व. सुखलाल पाल उम्र 24 साल निवासी खेजड़ा मंदिर के पास पन्ना जप्त सामाग्री एक पालीथीन में 01 किलो 255 ग्राम सूखा गांजा कीमती 14000/-रूपये उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि मानसिंह, सउनि कुंजबिहारी कोल, प्र.आर.वृषकेतू रावत, संदीप तिवारी, आर. संदीप पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

# छत्रसाल महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**जागरण, पन्ना।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत दिनांक 13 अगस्त 2025 को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में राज्य स्तरीय नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश शासन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म (यूट्यूब, फेसबुक एवं एक्स) पर देखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज के भविष्य



को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता, सकारात्मक वातावरण और स्वस्थ मनोरंजन के अवसर प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने इस दिशा में सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. धरमू कुशवाहा, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. आनंद चौरसिया, डॉ. पियूषा शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने नशा त्यागने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। सफल मंच संचालन डॉ बी एन जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ धरमू कुशवाहा ने किया।

# सांसद ने किया एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत नक्षत्र वाटिका का लोकार्पण

## दक्षिण पन्ना वन विभाग की अनोखी पहल, धार्मिक, ज्योतिषीय व पारिस्थितिकीय महत्व से युक्त

**जागरण, पवई।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विकसित नक्षत्र वाटिका का लोकार्पण बुधवार को सांसद श्र विष्णु दत्त शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने त्रिवेणी (पीपल, नीम, बरगद) के पौधों का रोपण कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को गति देने का संदेश दिया। कलेही माता मंदिर परिसर, महादेव शिव प्रतिमा के समीप स्थित यह नक्षत्र वाटिका धार्मिक, ज्योतिषीय और पारिस्थितिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



यहां 27 नक्षत्रों से जुड़े 27 पौधों का रोपण किया गया है। इसका उद्देश्य न केवल आस्था को संरक्षित करना है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को बचाना और नागरिकों को अपने जन्म नक्षत्र से जुड़े वृक्ष से भावनात्मक जुड़ाव कराना भी है। पौधों की सुरक्षा हेतु चारों ओर फेंसिंग की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद वी.डी. शर्मा और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रहलाद लोधी उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम, जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। आयोजन में वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा, उपवनमण्डल अधिकारी अक्षत जैन (प्रशिक्षु भा.व.से.), एसडीएम सुश्री समीक्षा जैन, एसडीओपी श्रीमती भावना दांगी, वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल, उपवनक्षेत्रपाल सर्वजीत दूबे, कार्यप्रभारी वनरक्षक राहुल पटेल एवं स्थानीय वनकर्मी सम्मिलित हुए। सांसद शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नक्षत्र वाटिका आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर होगी और यह अभियान लोगों को प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देगा।

# चोरी हुई मोटरसाइकिल की गई बरामद

**जागरण, पन्ना।** गुनौर दिनांक 12/08/25 को फरियादी विक्रम सिंह पिता शिवपाल सिंह परमार उम्र 27 साल निवासी नचनौरा के द्वारा थाना गुनौर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 11 अगस्त 2025 को उसने अपनी मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स महक बीज भंडार गुनौर के पास खड़ी करके दुकान के अंदर चला गया था जब वापस आया तो उसे मोटरसाइकिल बाहर नहीं मिली किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने पर थाना गुनौर में अपराध पंजीबंद कराया गया था। गुनौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा वाहन चोरी की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों एवं आसपास के थानों को प्रदान की गई । घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को देखा गया जिससे आरोपी की पहचान हो गई , मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी के घर ग्राम सूरदहा में दबिस दी गई आरोपी पुलिस को आता देख जंगल तरफ भाग गया लेकिन उसके घर के बाहर चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है ।

# भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने अवैध शराब पकड़ी

**जागरण, पन्ना।** रैपुरा पुलिस का नशामुक्ति अभियान पूरी तरह फ़ैल भगवती मानव कल्याण संगठन ने फिर पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब 15 अगस्त शुष्क दिवस के रूप में घोषित होता है इसी दरमियां 78 पेटी अवैध शराब पकडी धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में नशामुक्ति जनांदोलन चलाया जा रहा है । मध्य प्रदेश का पिछड़ा जिला पन्ना के रैपुरा थानांतर्गत अवंती बाई तिगड्डा पर 78 पेटी अवैध शराब पुलिस (विवरण - 98 बैच नंबर की 61 पेटी बिना बैच की 15 पेटी व 99 पाव प्लेन सफेद कुल 78 पेटी )को सूचना देकर पकड़ी 7 1 आरोपी वाहन चालक जिसका नाम कौशलेंद्र पटेल पिता पूरन पटेल निवासी राजनगर जिला छतरपुर लायसेंन्सी आशीष शिवहरे । एक वाहन महिंद्रा पिकअप वाहन क्र. रूध्र165द्ध6931 है। मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट 1915 की धारा 34(1) एवं धारा 39 ग का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का मुख्य उद्देश्य नशें-मांस, भय-भूख-भ्रष्टाचार, जातिवाद-छुआछूत , सांप्रदायिकता से मुक्त चेतना वान-चरित्र वान समाज के निर्माण करना।


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
24x7 जन सेवा में समर्पित तकनीक से सशक्त
डायल 112
त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल
डायल-100 अब हुई डायल-112
अब तक 1.97 करोड़
से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता
19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया
12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता
2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता
अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा
उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा
D- 11082/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## कैरिबियाई प्रीमियर लीग का 13वां संस्करण आज से

# अनुभवी खिलाड़ियों की फौज और ब्रावो बंधुओं की दिखेगी जुगलबंदी

**सेंट किट्स, जेएनएन।** कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल-2025) का 13वां संस्करण 14 अगस्त को सेंट किट्स एंड नीविस पेट्रियट्स और एंटीगा बारबुडा फाल्कंस के बीच होने वाले मुकाबले से शुरू होने जा रहा है। छह टीमों वाला टूर्नामेंट 14 अगस्त से 21 सितंबर तक चलेगा, जिसके कुल छह वेन्यू पर 34 मुकाबले खेले जाएंगे। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में प्रवेश पाएंगी और यह मुकाबले गयाना में खेले जाएंगे। आईपीएल की तरह ही प्लेऑफ मुकाबलों के जरिए दो टीम फाइनल खेलेंगी। कैरिबियाई प्रीमियर लीग के बारे में जाने सबकुछ...

### ब्रावो टीकेआर के कोच

ड्वेन ब्रावो वर्षों तक सीपीएल का चेहरा रहे, लेकिन चोट के चलते सीपीएल 2024 का सीजन उनका अंतिम सीजन साबित हुआ और इसके साथ ही उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके बाद उन्होंने नाइटराइडर्स फ्रेंचाइजी को बतौर कोच अपनी सेवाएं दी हैं, सीपीएल में बतौर कोच यह उनका पहला सीजन होगा। टीकेआर के मुख्य कोच के तौर पर भी ब्रावो के खाते में इस बार ट्रॉफी आएगी यह देखना होगा। अपने भाई ड्वेन की छत्रछाया में डैरन ब्रावो सीपीएल में वापसी करेंगे। उन्होंने पिछली बार इस लीग में 2022 में हिस्सा लिया था और 2023 के बाद से ही उन्होंने सीनियर क्रिकेट में प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला है। ब्रेक के बाद 36 वर्षीय क्रिकेटर एक बार फिर वापसी के लिए तैयार हैं।

### कौन सी टीम मजबूत

टीकेआर सबसे मजबूत नजर आ रही है, क्योंकि इसमें आंद्रे रसल, निकोलस पूरन और सुनील नारायण के साथ पोलार्ड, हेन्स और मुनरो जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर और उस्मान तारिक की मौजूदगी से टीकेआर और भी मजबूत नजर आ रही है। ताहिर की अगुआई में ऐमेजॉन वॉरियर्स ने 2023 में खिताब अपने नाम किया था और 2024 में वह एक बार फिर खिताब जीतने के बेहद करीब आ गए थे। ग्लेन फिलिप्स चोट के चलते बाहर हैं, लेकिन स्पिन आक्रमण में गहराई उन्हें प्रबल दावेदार बनाती है। नूर अहमद ने द हंड्रेड को प्राथमिकता दी है और ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड की चोट ने किंग्स को गहरा धक्का दिया है, लेकिन इसके बावजूद डैरन सैमी की किंग्स को कमतर नहीं आंका जा सकता।

**सभी छह टीमें :** एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स, सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स, गुयाना ऐमेजॉन वॉरियर्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स, सेंट लूसिया किंग्स, बारबाडोस रॉयल्स

**स्थान :** सीपीएल 2025 कुल छह स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें सेंट किट्स, गयाना, त्रिनिदाद, सेंट लूसिया, बारबेडोस और एंटीगा शामिल हैं।

**प्रसारण:** सीपीएल को भारत में प्रशंसक जियो स्टार (लीनियर टीवी) और फैनकोड (डिजिटल) पर देख सकते हैं।

### सितारों से सजी लीग

मार्च में 46 वर्ष के हुए इमरान ताहिर ने गयाना ऐमेजॉन वॉरियर्स के खिताबी सीजन में जीएसएल 2025 में 6.61 की इकॉनमी से 14 विकेट लेकर यह दर्शाया की उम्र बस एक संख्या है। ताहिर सीपीएल के इकलौते विदेशी गेंदबाज हैं, जिसके नाम 100 या उससे अधिक विकेट हैं और वह ऐमेजॉन वॉरियर्स को दूसरा सीपीएल खिताब जिताने की पूरी कोशिश करेंगे। पिछले साल सेंट लूसिया को खिताब जिताने वाले फाफ डुप्लेसी इस सीजन नहीं खेलेंगे। 41 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सीपीएल के ऊपर द हंड्रेड को तरजीद दी थी, लेकिन अब ग्रोइन सर्जरी के चलते वह इस टूर्नामेंट से भी बाहर हो गए हैं। इसी मई में 40 वर्ष के हो चुके डेविड वीजा को किंग्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने दुनिया भर में 400 टी-20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें सीपीएल के भी 39 मैच शामिल हैं। 38 वर्षीय मोइन अली भी सीपीएल में ताहिर के साथ खेलते दिखाई देंगे, जिन्होंने द हंड्रेड के ऊपर सीपीएल को तरजीह दी है। 38 वर्षीय शाकिब अल हसन को फाल्कंस ने ड्राफ्ट के दूसरे राउंड में अपने साथ जोड़ा था जो 500 टी-20 विकेट हासिल करने से केवल दो विकेट दूर हैं।

## विंडीज अंतिम मुकाबले में 202 रन से जीता, पाक 92 रन पर ढेर, जेडन सील्स ने झटके छह विकेट

# 34 साल का सूखा खत्म, वेस्टइंडीज ने 1991 के बाद पाकिस्तान को वनडे सीरीज में हराया

**जेएनएन, तारूबा (त्रिनिदाद एवं टोबैगो)**

कप्तान शाई होप (नाबाद 120 रन) के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स (6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम वनडे में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 अपने नाम की। वेस्टइंडीज ने वनडे में चौथी बार 200+ रन से जीत दर्ज की है। इससे पहले उसने नीदरलैंड्स (215), कनाडा (208) और न्यूजीलैंड (203) को हराया 200 से अधिक रन से हराया था। वहीं पाकिस्तान की वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी और कुल चौथी सबसे बड़ी हार है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 294 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए।

इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और टी-20 प्रारूपों में घरेलू सीरीज में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की।

ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 सीरीज 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से वनडे सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर सीरीज को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया।




**होप के 18 वनडे शतक** हो गए हैं, जो वेस्टइंडीज के लिए तीसरा सर्वाधिक है। होप ने डेज्मॉन्ड हेंस के 17 शतकों को पीछे छोड़ दिया है, उनसे आगे अब केवल क्रिस गेल (25) और ब्रायन लारा (19) हैं। होप ने वनडे में शतक तक पहुंचने के लिए 137 पारियां ली। बाबर आजम (97), हाशिम आमला (102), डेविड वॉर्नर (115) और विराट कोहली (119) ही उनसे पहले यहां तक पहुंचे थे।

### पाक के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके

होप ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान रिजवान के शून्य पर आउट होने से स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया। पाक के आठ बल्लेबाज दहाई का अंक भी नहीं छू सके, जिसमें से पांच ने तो खाता भी नहीं खोला।

**1991** में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज जीती थी। पाकिस्तान में खेली गई तीन मैचों की इस सीरीज को विंडीज ने 2-0 से अपने नाम किया था। इस सीरीज हार से पहले पाकिस्तान लगातार 11 सीरीज में अपराजित रहा था, जिसमें पिछली 10 सीरीज में उन्हें जीत मिली थी।


**वेस्टइंडीज** की घर में ये लगातार चौथी वनडे सीरीज जीत है, उन्होंने इससे पहले बांग्लादेश को पिछले साल हराया था, फिर इंग्लैंड को 2023 और 2024 में मात दी थी। इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है, जब वेस्टइंडीज ने अपने घर में लगातार चार या उससे ज्यादा बार वनडे सीरीज जीती हो, और ये हुआ था 1981 से 1990 के बीच-जब उन्होंने लगातार नौ सीरीज घर में जीती थी।

**2011** के बाद पहली बार वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी फॉर्मेट में सीरीज जीती है, 2011 में उन्होंने घर में एकमात्र टी-20 जीता था। इस दौरान पाकिस्तान सभी फॉर्मेट में लगातार 16 बार अपराजित रहा था।

**92** रन तीसरे वनडे मे पाकिस्तान का स्कोर रहा। वनडे में यह दसवां मौका था, जब पाकिस्तान 100 के अंदर ढेर हुआ हो। वेस्टइंडीज के खिलाफ वह चौथी बार 100 के अंदर ऑलआउट हुए हैं।

**28** रन का अंतर पाकिस्तान के कुल स्कोर और होप के व्यक्तिगत स्कोर के बीच रहा। सिर्फ एक कैरेबियाई खिलाड़ी का अंतर इससे ज्यादा था और वह था 54 रन का अंतर जब रिची रिचर्डसन ने श्रीलंका के खिलाफ 109 रन बनाए थे और जवाब में श्रीलंका 55 रनों पर ढेर हो गई थी। ये मुकाबला 1986 में शारजाह में खेला था।

**18 रन** देकर छह विकेट सील्स ने झटके, जो पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे पहले डेल स्टेन का 6-39 सर्वश्रेष्ठ था। 7.2 ओवर की गेंदबाजी में सील्स ने जिन छह बल्लेबाजों का शिकार बनाया उनमें से चार बिना खाता खोले आउट हुए। सील्स से पहले वनडे में सिर्फ एक कैरेबियाई गेंदबाज जोएल गार्नर ने ऐसा कारनामा किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 1979 विश्व कप फाइनल में ऐसा किया था।



## मैदान से हटकर

### आप पेशे से क्रिकेटर हैं, तो मैं इम्प्रेस हो जाऊं: कशिश



बिग बॉस के घर में जाकर बवाल मचा चुकी अभिनेत्री कशिश कपूर ने अब एक नया बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब वो 18वें सीजन के दौरान बिग बॉस में थी, तो एक पॉपुलर क्रिकेटर ने उनके साथ कुछ ऐसा किया, जिससे वो नाराज हो गई। कशिश ने साफ तौर पर नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि उनसे अकेले में मिलने की इच्छा जताई गई थी। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि वो क्रिकेटर कौन है, जिसने उनसे ये बात कही थी। बिग बॉस के घर में ही ये सबकुछ हुआ था। बिग बॉस 18 की प्रतियोगी और अभिनेत्री कशिश कपूर ने इंटरव्यू में बड़ा दावा किया है। जब उनसे एक डरावने अनुभव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बिग बॉस के घर का किस्सा सुनाया। एंकर ने उनसे पूछा, क्या आपको कोई डरावना लगा? उन्होंने कहा। दरअसल वो बहुत ही पॉपुलर क्रिकेटर हैं। ये मेरे लिए डरावना अनुभव था। उन्होंने मुझे अकेले मिलने के लिए कहा था। मैंने तुरंत ही मना कर दिया। आप क्रिकेटर होंगे अपने घर पर, मेरे लिए तो आप सिर्फ एक लड़के हैं। मुझे इमप्रेस करों, मैं सिर्फ इस वजह से इम्प्रेस नहीं हो जाउंगी, क्योंकि आप पेशे से एक क्रिकेटर हैं। मुझे ये बात पसंद नहीं आई। (जेएनएन)

# पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ रोहित वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**भारतीय कप्तान शर्मा को फायदा शुभमन गिल शीर्ष पर, विराट चौथे नंबर पर**

**दुबई, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। आईपीएल 2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले 38 साल के रोहित ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित के 756 अंक हैं और वह भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (784) से पीछे हैं, जो पहले नंबर पर बने हुए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 736 अंक के साथ चौथे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित और कोहली दोनों ने भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। मौजूदा रैंकिंग में भारत के पांच बल्लेबाज शीर्ष 15 में हैं, जिसमें श्रेयस अय्यर आठवें और केएल राहुल 15वें स्थान पर हैं।




### टिम डेविड टॉप-10 में, ब्रेविस की लंबी छलांग

नवीनतम टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को फायदा हुआ है। टिम डेविड ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और दाएं हाथ का यह आक्रामक बल्लेबाज छह स्थान के सुधार से 10वें पायदान पर है। डेविड के टीम के साथी कैमरन ग्रीन भी छह स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं। दूसरे टी-20 में 125 रन की रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस लंबी छलांग लगाते हुए 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछली रैंकिंग में वह शीर्ष 100 से बाहर थे। बल्लेबाजी में भारत के अभिषेक शर्मा नंबर एक, जबकि तिलक वर्मा दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। हेनरी ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को पीछे छोड़ा। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दूसरे नंबर पर मौजूद कगिसो रबाडा ही उनसे आगे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत-ए की पहली जीत

# यास्तिका और राधा चमकी, इंडिया-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन, जेएनएन।** भारत-ए ने बुधवार को पहले महिला वनडे क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। दूसरा वनडे 15 अगस्त को सुबह 5 बजे से खेला जाएगा। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद यास्तिका भाटिया (59 रन) की अगुआई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा (36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत-ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया। ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया।



# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ, वर्ल्ड नंबर एक शी से भिड़ेंगे लक्ष्य

**पेरिस, जेएनएन।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को 25 अगस्त से शुरू हो रही वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए बुधवार को चुनौतीपूर्ण ड्रॉ मिले, जिसमें लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शी युकी के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य और शी इससे पहले चार मुकाबलों में भिड़े हैं, जिसमें चीन के खिलाड़ी ने तीन जीते और एक गंवाया है। पुरुष एकल के एक अन्य कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में निचली रैंकिंग वाले फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ के खिलाफ खेलेंगे, लेकिन दुनिया के 34वें नंबर के इस भारतीय खिलाड़ी का दूसरे दौर में सामना विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन से हो सकता है। महिला एकल में टूर्नामेंट की सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी और पांच बार की पदक विजेता पीवी सिंधू अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की विश्व की 66वें नंबर की खिलाड़ी कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

# यूईएफए सुपर कप मैच से बाहर होने के बाद गोलकीपर डोनारुम्मा ने पीएसजी से नाता तोड़ा

**पेरिस, जेएनएन।** स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बुधवार को टॉटिनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं। पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया गया था। शेवेलियर का पीएसजी से जुड़ना डोनारुम्मा की विदाई का संकेत माना जा रहा था। इटली के रहने वाले डोनारुम्मा ने इंस्टाग्राम पर इतालवी, अंग्रेजी और फ्रेंच में एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि उन्हें प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, दुर्भाग्यवश, किसी ने यह निर्णय लिया है कि मैं अब टीम का हिस्सा नहीं रह सकता और टीम की सफलता में योगदान नहीं दे सकता। मैं निराश और हताश हूं।



# चेन्नई शतरंज: कार्तिकेयन ने विदित गुजराती को हराकर उलटफेर किया

**चेन्नई, जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर एम कार्तिकेयन ने बुधवार को चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के सातवें दौर में हमवतन विदित गुजराती को टक्कर देते हुए जीत हासिल की, जबकि जर्मनी के ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर ने खिताब की दौड़ में पकड़ मजबूत कर ली। कार्तिकेयन ने काले मोहरों से खेलते हुए गुजराती पर जीत दर्ज की, जबकि कीमर ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अवॉन्डर लियांग पर शानदार जीत की बदौलत बढ़त हासिल की। अर्जुन एरिगैसी को नीदरलैंड के स्टार अनीश गिरी ने ड्रॉ पर रोका। दो दौर बचे हैं। एरिगैसी अहम बाजी में गुजराती से भिड़ेंगे। मास्टर्स में अन्य मुकाबलों में ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने ग्रैंडमास्टर रे रॉबसन को हराया, जबकि ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट और ग्रैंडमास्टर वी प्रणव ने अंक बांटे।

## सिटी स्पोर्ट्स

# शूटिंग चैंपियनशिप: मप्र के युग सिंह को चार और विदुषी को दो स्वर्ण पदक




**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश निशानेबाजी अकादमी के खिलाड़ियों ने 28वीं मप्र स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण सहित 24 पदक जीते। इसमें 6 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। युग प्रताप सिंह ने दो व्यक्तिगत और दो टीमें इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। इंदौर के मऊ में खेली जा रही चैंपियनशिप में 25मी स्टेंडर्ड पिस्टल में एम्मेनुअल जेकब, अर्नव दसोरे और जतिन ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। 25मी सेंटर फायर पिस्टल में जतिन ने रजत और 10 मी. एयर पिस्टल यूथ में साहिल चौधरी ने कांस्य जीता। युग प्रताप सिंह ने 10 मी. एयर पिस्टल और 10 मी.एयर पिस्टल जूनियर में स्वर्ण पदक जीते। 10 मी.एयर पिस्टल टीम जूनियर और सीनियर वर्ग में युग, जतिन और साहिल ने पहला स्थान प्राप्त किया। 10 मी.एयर पिस्टल यूथ टीम में राजवर्धन सिंह गौर, अर्नव दसोरे और साहिल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल महिला में विदुषी श्रृंगऋषि ने स्वर्ण और प्रतिक्षा द्विवेदी ने कांस्य जीता। 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर में विदुषी को स्वर्ण व प्रतिक्षा को रजत मिला। 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल में विराज परिहार और 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ में राजवर्धन सिंह गौर ने स्वर्ण जीते।

# आईईएस और सेंट जोसेफ बने बास्केटबॉल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** आईईएस पब्लिक स्कूल और सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ने एसजीएफआई इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। आईईएस कैंपस में खेली गई चैंपियनशिप के फाइनल में आईईएस ने अंडर-19 में सागर पब्लिक स्कूल (साकेत नगर) को 19-15 से हराया। अंडर-17 में सेंट जोसेफ ने सेंट थॉमस स्कूल को 16-12 से परास्त किया, जबकि अंडर-14 में सेंट जोसेफ ने सेंट थेरेसा स्कूल को 18-15 से शिकस्त दी। इस चैंपियनशिप में भोपाल शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूल के 450 से अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

# आठ मिनट में 6 गोल दागकर हजरत निजामुद्दीन क्वार्टर फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** हजरत निजामुद्दीन एफसी ने नेशनल फुटसल चैंपियनशिप-2025 में अपने लीग चरण के अंतिम मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को उसका सामना तूफा क्लब, हैदराबाद से होगा। यह चैंपियनशिप उत्तराखंड के रुद्रपुर में खेली जा रही है। मनोज सरकार स्टेडियम में खेले गए पूल-सी के अंतिम मैच में हजरत निजामुद्दीन ने पांडिचेरी यूनाइटेड एफए को 8-2 से करारी शिकस्त दी। शुरुआती हाफ में पांडिचेरी ने 2-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में हर्ष सोहन्दा ने गोल कर वापसी कराई। मैच खत्म होने में 9 मिनट बाकी थे, तभी कप्तान रिषभ रैकवार ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मात्र 8 मिनट के अंदर टीम ने छह गोल दागे और बड़ी जीत पक्की की। फैसल हुसैन और तरुण ने दो-दो, जबकि अर्जुन व उप्पल ने एक-एक गोल कर टीम को 8-2 से जीत दिलाई।





# बड़े तालाब पर होंगी विभिन्न स्पोर्ट्स एक्टिविटी, तिरंगा यात्रा भी निकलेगी

**भोपाल, खेप्र।** झीलों के शहर भोपाल के बड़े तालाब पर 14 अगस्त को देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश खेल विभाग द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को बड़े तालाब पर विभिन्न स्पोर्ट्स एक्टिविटी की जाएंगी। इसके साथ ही एक तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। बड़े तालाब पर स्पोर्ट्स एक्टिविटी में 50 से अधिक वोट सम्मिलित होंगी, जिस पर वॉटर स्पोर्ट्स के खिलाड़ी प्रस्तुती देंगे। इस पूरे कार्यक्रम में 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर 17 बंदी रिहा होंगे

**सतना।** केन्द्रीय जेल सतना में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 17 दंडित बंदी जेल मुख्यालय के आदेश एवं राज्य शासन से घोषित परिहार का लाभ प्राप्त कर सजा भुगत कर रिहा होंगे। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने बताया कि रिहा होने वाले बंदियों में सतना जिले के 4, छतरपुर जिले के 10 तथा मैहर, पन्ना एवं सिहोर जिले के 1-1 बंदी सजा भुगत कर रिहा होंगे।

## मैहर में तिरंगा बाइक रैली आज

**सतना।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के तत्वाधान में 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे से मुख्य समारोह स्थल अलाउद्दीन खां स्टेडियम मैहर में तिरंगा बाइक रैली निकाली जायेगी। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह तिरंगा बाइक रैली स्टेडियम से निकलकर अजमीढ चौक होते हुए स्टेट बैंक चौराहा, आरओबी ब्रिज से हनुमानपुर तक जायेगी।


Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
गैस एसिडिटी कब्ज
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
24x7 Helpline: 91197 88888 | Website: www.petsaffa.com | Available at all leading medical stores
Divisa
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.


# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

## बदेरा पुलिस ने शहडोल के पपौध से दबोचा

जागरण, सतना

दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बदेरा टीआई ने शहडोल जिले के पपौध से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टीआई बदेरा अभिषेक सिंह परिहार द्वारा की गई है। पुलिस ने मानसिक रुप से विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शहडोल के पपौध से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है।



### घटना का विवरण

19 जून को बदेरा क्षेत्र में निवासरत फरियादी द्वारा अपनी लडकी उम्र 35 वर्ष जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है के साथ आरोपीगण सुशील बंसल, राजा बंसल व जुगुल किशोर साकेत द्वारा मिलकर दुष्कर्म करने के संबंध मे आवेदन दिया गया था जिस पर थाना बदेरा में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के एक आरोपी राजा बंसल को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। एवम फरार चल रहे अन्य आरोपी सुशील बंशकार के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी ग्राम कुआ थाना पपौध जिला शहडोल में झोपडी बना कर रह रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर ग्राम कुआ थाना पपौध जिला शहडोल में पता तलाश की गई तो आरोपी पहाड के किनारे झोपडी बना कर रह रहा था। जिसे गिरफ्तार किया जाकर बाद आवश्यक विवेचना कार्यवाही के न्यायालय पेश किया गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

बदेरा पुलिस ने सुशील बंशकार पिता स्व. गणेश बंशकार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरकुला थाना बदेरा जिला मैहर को गिरफ्तार कर लिया इस कार्यवाही में निरी. अभिषेक सिह परिहार, उपनिरी0 आरएन रावत , सउनि. रमेश प्रसाद ओझा, प्र.आर सुरेन्द्र दुबे,आर गजराज सिंह आर सुशील कुमार, आर 12 की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किश्त का होगा वितरण

**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त वितरण कार्यक्रम 14 अगस्त 2025 को मण्डला जिले में किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जिले में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाये।

# कलेक्ट्रेट परिषर से हटाया गया अतिक्रमण





## एसडीएम, सीएसपी व टीआई रहे मौजूद

**जागरण, सतना।** बुधवार को एसडीएम राहुल सिलाडियॉ की कार्यवाही के बाद सनाका खिच गया। बताया जाता है कि कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर कुछ लोगो ने जहां अतिक्रमण कर रखा था वहीं बाउड्री से लगे पान की दुकानो में पेट्रोल बेचा जा रहा था। कलेक्टर परिसर स्थित गेट क्रमांक.3 पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान पान की गुमटियाँ हटाई गईं जिनमें से कुछ पर पेट्रोल का अवैध भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। ऐसे मामलों में पृथक से पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिसर स्थित कुछ चेम्बर्स में अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए उपयोग किया जा रहा था जिनमें से एक हॉल को सील कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कई चेम्बर्स में अधिवक्ताओं के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति कथित रूप से रजिस्टर्ड मॉर्गेज का व्यवसाय कर रहे थे। उनसे लाइसेंस प्रस्तुत करने हेतु कहा गया परंतु न तो कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत किया गया और न ही उसमें निर्दिष्ट ब्यापार स्थल की जानकारी उपलब्ध कराई गई। अतः उक्त कारणों से हॉल को सील किया गया तथा 10 चालानों के माध्यम से कुल 8 हजार दो सौ रुपये की राशि वसूल की गई। संपूर्ण कार्रवाई में राजस्व विभाग पुलिस विभाग एवं नगर निगम के दल उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रावेंद्र द्विवेदी कोलगवां टीआई सुदीप सोनी नगर निगम से लक्ष्मी तिवारी सज्जन सिंह एवं अन्य सभी स्टाफ उपस्थित रहा।

## हर घर फहराये तिरंगा, हर घर रखें स्वच्छ : कलेक्टर

**सतना।** मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान की तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सतत सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के नागरिकों से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में बढ-चढकर भागीदारी निभाने की अपील की है। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से कहा है कि प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाये रखे और स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्ष गाठ के अवसर पर अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान कार्यालयों में तिरंगा ध्वज फहराये तथा दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करे।

# पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल संपन्न

**जागरण, सतना।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह के कार्यक्रमों की अंतिम फुल ड्रेस रिर्हसल बुधवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में ठीक प्रातः 9 बजे से आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुधीर बेक ने प्रतीक स्वरूप मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम के अनुरूप ध्वजारोहरण कर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सफेद जिप्सी पर सवार होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। शहर के तीन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने सामूहिक पीटी का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ मिश्रा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।



# स्कूल शिक्षा विभाग जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिसमेंटल करने की नोटशीट प्रस्तुत करें



**जागरण, सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा है कि आगामी त्यौहार और अवकाश के दृष्टिगत अगले दो दिनों में सीएम हेल्पलाइन में फोकस कर सभी विभाग 'ए' श्रेणी में पहुंचने का प्रयास करें। बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सी और डी श्रेणी में कोई भी विभाग नहीं रहे। सुनिश्चित करें कि अनिवार्य रूप से विभाग बी श्रेणी में बने रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, एसपी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पटेल, मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, एलडीएम गौतम शर्मा सहित जिला और विकासखण्ड प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कहा कि अभी मैहर जिला बी श्रेणी में है। ट्रायवल, माइनिंग, जल संसाधन सहित कई विभाग 4-5 शिकायतें कुल लंबित होने के बावजूद भी सी और डी श्रेणी में बने हुए हैं। एक-दो दिन में सभी संबंधित विभाग इन शिकायतों का निराकरण कर ए श्रेणी में पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि जिला पंचायत और संबंधित विभागों की डिमाण्ड क्लोजर के प्रस्ताव ग्रेडिंग से एक-दो दिन पहले भेजे जाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। सभी संबंधित विभाग डिमाण्ड क्लोजर के प्रस्ताव ग्रेडिंग से पूर्व समय से प्रस्तुत करें। स्कूल शिक्षा विभाग जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिसमेंटल करने की नोटशीट तत्काल प्रस्तुत करें। हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों में सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी अपने कार्यालयों में प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण कर अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ जिला स्तर के मुख्य समारोह में उपस्थित रहेंगे।

## हर घर तिरंगा ध्वज फहराये : प्रतिमा बागरी

**सतना।** सतना जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है। बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थिति में सतना शहर में तिरंगा रैली निकाली गई। पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारंभ तिरंगा रैली बैंड दल के साथ कोठी चौराहा, सिविल लाइन चौराहा, सिविल लाइन चौपाटी होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप शहीद स्मारक स्थल पहुंची। यहां अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत तिरंगा रैली का समापन किया गया। रैली के पूर्व पुलिस परेड ग्राउण्ड में राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा उपस्थित जनों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों, संस्थानों में तिरंगा लगाने की शपथ भी दिलाई गई। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जिले का प्रत्येक नागरिक हर घर तिरंगा अभियान से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सभी जिलों के हर वर्ग और हर व्यक्ति से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। सतना जिले में भी जिला प्रशासन सहित विभिन्न संगठनों द्वारा जन-जागरूकता के लिये जिले वासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है। राज्यमंत्री ने उपस्थित जनों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का आग्रह किया। इस अवसर पर महापौर नगर निगम योगेश ताम्रकार, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, कमिश्नर नगर निगम शेर सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, खेल अधिकारी एसपी तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY D. PHARMACY B. PHARMACY
ENGINEERING POLYTECHNIC | B.TECH. ME | CE | CSE | EEE | MINING Cement Technology Engg. Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA BCA /MCA B.A. LL.B. B.COM. LL.B. BBA LL.B. LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में
17 अगस्त, रविवार
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocriology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433,9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com